हरिभूमि
# रायपुर भूमि




» भीषण गर्मी में प्यास बुझाने की चिंता, दयानगर, डबरीपारा बैरागी बीएसयूपी का बुरा हाल

» खम्हारडीह की सतनाम बस्ती, वृंदावन कालोनी में सूख गये बोर, अंतिम छोर इसलिए पानी नहीं

## आसमान से आग, जमीन में तपिश
### पसीने से लथपथ, पानी के लिए जद्दोजहद

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवतपा के आठवें दिन आसमान से आग और जमीन में तपिश के बीच पसीने से लथपथ लोगों को खम्हारडीह की सतनाम बस्ती, वृंदावन कालोनी, एकता चौक खम्हारडीह, कांपा की नहरपारा बस्ती, दलदल सिवनी के शिवाजी पारा, डबरी पारा, दयानगर, बैरागी बीएसयूपी कालोनी में एक-एक बाल्टी पानी के लिए जद्दोजहद करने की नौबत आ गई है। नगर निगम के पानी टैंकर के आते ही बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बाल्टी, गुंडी हाथ में लिये पानी के लिए लपक रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 13 पर

**40 टैंकर से पेयजल आपूर्ति**

शहर के कई इलाकों में बोरवेल सूखने की शिकायत आई है। 22 जगहों पर नए बोरवेल का खनन कराया गया है। यही नहीं, शहरभर में 40 पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति कराई जा रही है।

- **नरसिंग फरेन्द्र**, कार्यपालन अभियंता जल विभाग, नगर नगम रायपुर

### पानी की दिक्कत इन इलाकों में

- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के आधा दर्जन से ज्यादा इलाके इस समय पानी के भीषण संकट से जूझ रहे हैं। यहां 8 पानी टैंकर भेजकर लोगों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। दलदल सिवनी की शिवाजी बस्ती, डबरीपारा, दयानगर, बैरागी बीएसयूपी कालोनी, पीएम आवासीय परिसर।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के एकता चौक खम्हारडीह, वृंदावन कालोनी, सतनाम बस्ती, पार्थिव नगर, सोनिया बस्ती, सतनाम चौक, बजरंग चौक में बोरवेल सूख गये हैं। टेल इंड एरिया होने के कारण नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है। वार्ड पार्षद रोहित साहू ने निगम आयुक्त से 3 जगहों पर नया बोरवेल खनन कराने की मांग की थी। इसमें से केवल एक जगह बोरवेल खनन कराया गया, जहां 400 फीट खुदाई के बाद भी कम पानी मिला। इन इलाकों में रोज 9 ट्रिप पानी टैंकर की खपत है।
- डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के कांपा की नहरपारा बस्ती में पानी के लिए भारी दिक्कत है। संकरी गली होने से यहां टैंकर नहीं पहुंच पा रहा। वार्ड पार्षद द्रोपती-हेमंत पटेल ने महापौर एजाज ढेबर से नया बोरवेल तत्काल खनन कराने गुहार लगाई है।
- इसी तरह बाल गंगाधर तिलक वार्ड के अशोकनगर इलाके में दर्जनभर बोरवेल में पानी का प्रेशर बेहद कम है। यहां 3 नए बोरवेल खनन की डिमांड जल विभाग से की गई है।
- यतियतन लाल वार्ड स्थित भनपुरी के बुनियाद नगर, विजय नगर में पानी टैंकर भेजकर पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अपहरण और लूट के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार थाना क्षेत्र में फल कारोबारी का अपहरण कर मौदहापारा ले जाकर साढ़े 19 हजार रुपए लूटने के आरोप में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी नीरज सोनकर की शिकायत पर डीडीनगर निवासी विनोद पोपतानी तथा उत्तरप्रदेश, हमीरपुर निवासी कमालुद्दीन मौदहापारा में रह रहा है, उसे गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने शास्त्री बाजार में फल खरीदने आए नीरज को मल्टीलेवल पार्किंग के पास से धमकी देकर अपनी दोपहिया में बैठाकर मौदहापारा ले गए और उसके साथ मारपीट कर जेब में रखे रुपए लूट लिए।

### दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार




**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश के दो गांजा तस्करों के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत की सवा 14 किलो गांजा जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, गांजा तस्करी करने के आरोप में सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद इत्तेशाम तथा प्रतापगढ़ निवासी मोहम्मद मतीन शेख को गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाश गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में थे।

### एनडीपीएस एक्ट के तीन हजार से ज्यादा प्रकरण दर्ज

**रायपुर।** शहर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ



निजात अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने फरवरी से लेकर मई में एनडीपीएस तथा शराब की अवैध बिक्री करने आरोप में तीन हजार 157 प्रकरण दर्ज कर तीन हजार 241 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक कुल अपराधों में बढ़ोतरी हुई है, जो मुख्यतः एनडीपीएस और आबकारी में बड़ी कार्रवाई की वजह से है।

### मोबाइल कारोबारियों पर कॉपीराइट एक्ट का केस

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक मोबाइल कंपनी के जांच अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने चार मोबाइल कारोबारियों के खिलाफ एप्पल मोबाइल की नकली एसेसरीज बेचने के आरोप में कॉपीराइट एक्ट के अपराध दर्ज किया है। कारोबारियों की दुकान से एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की एसेसरीज जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुंबई स्थित ग्रीफेन आईपी सर्विसेस प्रा. लि. के जांच अधिकारी संदीप तंवर की शिकायत पर रवि भवन स्थित द्वितीय तल में पूजा मोबाइल, वाहेगुरु डिजिटल वर्ल्ड, कवर वर्ल्ड तथा एसकेआर मोबाइल एसेसरीज में छापे की कार्रवाई करते हुए एप्पल कंपनी के नकली एसेसरीज जब्त की गई है।

### बीएसपी को पानी देना बंद, पेयजल में की जाएगी कटौती

# सूखने की कगार पर गंगरेल बांध, दो टीएमसी रह गया पानी, यहीं से बुझती है रायपुर की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में इस साल की भीषण गर्मी के कारण धमतरी स्थित गंगरेल बांध में दो टीएमसी उपयोगी पानी शेष रह गया है, जो कुल क्षमता से मात्र 8 प्रतिशत ही है। 32.5 टीएमसी क्षमता वाला गंगरेल बांध सूखने की कगार पर है। गंगरेल बांध करीब 12 से 13 साल बाद सूखे की मार झेल रहा है। मानसून समय पर दस्तक नहीं देता है और अच्छी वर्षा नहीं होती है, तो इसका सीधा असर लोगों के जीवन पर पड़ेगा। साथ ही पेयजल आपूर्ति में कटौती की जाएगी। गंगरैल से ही रायपुर के लिए पानी सप्लाई किया जाता है।

गंगरेल बांध से राजधानी समेत आसपास के कई जिलों को पानी दिया जाता है। भविष्य में यदि अच्छी वर्षा नहीं होती है, तो इन जिलों की भी परेशानी बढ़ेगी। भीषण गर्मी में प्यास बुझाने गंगरेल बांध में करीब 28.31 अरब लीटर पानी है, जो महज ढाई महीने का पानी है। यही वजह है कि अब गंगरेल बांध प्रबंधन ने भिलाई स्टील प्लांट को पानी देना बंद कर दिया है। भीषण गर्मी के कारण बांधों में इस बार पानी तेजी से घटा, जिसे लेकर विभाग के अफसरों का मानना है कि सिंचाई, पेयजल और निस्तारी के लिए पानी छोड़े जाने की वजह से यह स्थिति आई है।

**900 तालाबों को पहले ही भरा जा चुका**

गंगरेल बांध से करीब 900 तालाबों को पहले ही भरा जा चुका है। तालाबों को भरने मई माह के पहले सप्ताह तक पानी छोड़ा गया था। शहर और गांवों के सूखते तालाबों को भरने और गिरते भूजल स्तर में सुधार लाने के लिए धमतरी समेत प्रदेश के चार जिलों के लिए गंगरेल बांध से निस्तारी पानी छोड़ा गया था। तीन चरण में 1 अप्रैल को 700 क्यूसेक, 2 अप्रैल को 1400 क्यूसेक और 3 अप्रैल को 3000 क्यूसेक पानी रूद्री बैराज में छोड़ा गया था।

**जल जगार उत्सव मनाया जा रहा**

गंगरेल को खाली देखकर जिला प्रशासन पहली बार जल जगार उत्सव मना रहा है। जल जगार कार्यक्रम में पहुंची केंद्रीय भूमि जल आयोग की टीम ने भी गंगरेल बांध की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की है और जल संरक्षण की ओर धमतरी सहित प्रदेशवासियों को जागरूक होने की अपील की है।



**20 प्रतिशत आई कमी**

इस साल पड़ी भीषण गर्मी के कारण प्रदेश के कई जिलों के मध्यम और छोटे बांधों में की स्थिति चिंतनीय है। गत दो वर्षों में मई में जलस्तर के भंडारण का यह निम्न स्तर है। भीषण गर्मी के कारण मई में राज्य के 12 बड़े बांधों में जल भंडारण स्तर में तेजी से गिरावट आई है। प्रदेश के बड़े बांधों में पिछले साल के मुकाबले 22 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2023 में जहां 58.22 प्रतिशत पानी था, वहीं वर्तमान में 36.51 जल भराव की क्षमता है। वहीं मध्यम बांधों में वर्ष 2023 में 49.30 प्रतिशत पानी था, वह अब मात्र 33.41 प्रतिशत पानी शेष है।

## हांफने लगा एसी ट्रेन का जनरेटर, 200 लीटर पानी डालकर किया जा रहा ठंडा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी के बीच ट्रेन के एसी कोच में ठंडी हवा नहीं मिलने की शिकायत इन दिनों बढ़ने लगी है, जो रेलवे के लिए नई समस्या बन गई है। गर्मी की तेज हवा से ट्रेन के कोच तपने लगे हैं, जिससे एसी फेल हो रहे हैं और कोच यात्रियों के अनुरूप ठंडा नहीं हो पा रहा। इसीलिए अब रेलवे स्टेशनों में एसी ट्रेन के जनरेटर पर पाइप से लगभग 200 लीटर पानी डालकर ठंडा किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को ठंडी हवा मिले और जनरेटर गर्मी से न फटे। रेलवे के जानकारों का कहना है कि लंबे समय जनरेटर के अत्यधिक गर्म ▶▶|शेष पेज 13 पर

- लंबी दूरी की ट्रेनों के एसी कोच में ठंडी हवा नहीं मिलने की बढ़ी शिकायत

**एसी के सभी कोच पर बढ़ा दबाव**

गर्मी की तपिश झेल रहे यात्रियों को राहत देने के लिए इन दिनों ट्रेनों को हाई स्पीड में लंबे समय तक एसी चलाया जा रहा है। एसी की रफ्तार कम करने यात्रियों की शिकायत आनी शुरू हो जाती है कि कोच ठंडा नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति सभी कोच में है, जिस कारण अब एसी के साथ जनरेटर में भी दबाव ▶▶|शेष पेज 13 पर

**स्लीपर कोच खाली, एसी कोच पैक**

तेज गर्मी को देखते हुए अब ज्यादातर यात्री स्लीपर की जगह एसी कोच में सफर करना चाहते हैं। यही वजह है कि मुंबई, दिल्ली, हावड़ा और सूरज जाने वाली ट्रेनों में स्लीपर कोच खाली है जबकि एसी के कोच पैक होने के बाद अब वेटिंग शुरू हो चुकी है। गर्मी से बचने के लिए लोग खड़े होकर एसी में यात्री करने को मजबूर है। ट्रेनों में यही स्थित जून महीने तक बने रहेगी। लंबी दूरी ट्रेनों के एसी कोच में स्लीपर जैसी भीड़ देखने को मिल रही है। रेलवे को एसी के अतिरिक्त कोच लगाने पड़ रहे हैं।

### 22 ट्रेनों में कोच लगाने के बाद भी कम नहीं हुई भीड़

# ठसाठस भरी बोगियों में महसूस होने लगी घुटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के साथ ट्रेनों में भीड़ भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। रेलवे ने जोन की 22 ट्रेनों में दोनों तरफ जनरल कोच लगा दिए, इसके बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हुई है। लंबी दूरी की ट्रेनों में मेले समान भीड़ रोजाना देखने को मिल रही है। कोच के भीतर उमस भरी गर्मी से यात्रियों की तबीयत खराब हो रही है, तो कई यात्री बेहोश भी होने लगे हैं। रेलवे ने भीड़ कम करने 52 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया था, लेकिन इससे भी ▶▶|शेष पेज 13 पर

**ट्रेनों में भारी भीड़ से यात्रियों को नहीं मिल रही राहत, स्लीपर और जनरल कोच में मेले जैसी भीड़**



**दरवाजे पर लटकते हुए सफर**

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। ट्रेनों में नो रूम होने से जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। यह लापरवाही रेलवे को भारी भी पड़ ▶▶|शेष पेज 13 पर

## जगदलपुर की दूसरी फ्लाइट ट्रेक पर लौटी सप्ताह में दो दिन उड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर-जगदलपुर के बीच उड़ान भरने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट ट्रेक पर लौट आई है। सप्ताह में दो दिन संचालित होने वाली इस उड़ान को महीनेभर पहले बंद कर दिया गया था। उड़ान कम होने की वजह से यात्रियों के पास इंडिगो की फ्लाइट ही सफर करने का विकल्प रह गया था।

- तकनीकी वजह से महीनेभर पहले कर दिया गया था बंद

जानकारी के अनुसार रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद सेक्टर में दो विमानों का संचालन किया जाता है। इंडिगो सप्ताह में चार दिन और अलायंस एयर दो दिन यात्रियों को लेकर रायपुर से जगदलपुर के बीच उड़ान भरती थी। बताया जाता है कि महीनेभर पहले अलायंस एयर ने अपनी उड़ान पर ब्रेक लगा दिया था। सूत्रों के अनुसार यह फ्लाइट अब पुनः संचालित होगी, जिससे यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए ▶▶|शेष पेज 13 पर

**बारिश में सामान्य यात्री**

विमानन सूत्रों के अनुसार बारिश के मौसम में यात्रियों की संख्या सामान्य स्थिति में आने की संभावना बन रही है। गर्मी की छुट्टी में यात्रा करने वालों की संख्या पचास हजार तक पहुंच चुकी था। पिछले तीन-चार दिनों से पड़ रही गर्मी की वजह से यात्रियों की संख्या में थोड़ी कमी आई है।

## एयर ट्रैफिक कंट्रोल डीजीएम के सूने मकान में लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। इस बार चोरों ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एयर ट्रैफिक कंट्रोल डीजीएम के सूने मकान को निशान बनाते हुए 20 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के 40 तोला सोने के जेवर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी घर में काम करने वाली बाई के माध्यम से एटीसी के अफसर को मिली।

घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर चोरों के बारे में जानकारी जुटा रही है। गौरतलब है कि राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में तीन माह के भीतर बड़ी चोरी की यह तीसरी वारदात है। हालांकि इसके पूर्व चोरी की घटना को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस के मुताबिक अमलीडीह निवासी अब्राहम जॉन के निवास में चोरी की घटना घटित हुई है। अब्राहम ने पुलिस को बताया है कि उनका ▶▶|शेष पेज 13 पर

**चोर 20 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के जेवर ले गए**





**काम करने वाली बाई ने दी जानकारी**

अब्राहम जॉन ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने घर में काम करने वाली बाई को साफ सफाई के लिए घर की चाबी दी है। शुक्रवार को काम वाली बाई घर में लगे पौधों को पानी देने आई, तब उसने देखा कि घर के दरवाजे में लगे ताले टूटे हुए हैं। इस पर काम वाली बाई ने घटना की जानकारी अपने मालिक को दी। अब्राहम जॉन का परिवार अपने घर पहुंचा, तो उन लोगों ने देखा, घर का सामान बिखरा पड़ा है और ▶▶|शेष पेज 13 पर

### लिफ्ट लेने खड़े ड्राइवर पर जानलेवा हमला

**रायपुर।** उरला थाने में ट्रक ड्राइवर वीरेंद्र द्विवेदी ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पेट में चाकू मारकर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह कन्हेरा ओवरब्रिज के पास लिफ्ट लेने के लिए खड़ा था। इसी दौरान दो बदमाश लापरवाही से बाइक चलाते हुए पहुंचे। उन्होंने बाइक ठीक से चलाने के लिए कहा तो बदमाश बाइक से उतरे और वीरेंद्र के साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू निकालकर हत्या करने की नीयत से पेट पर वार कर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने डायल 108 की मदद से उपचार के लिए एम्स अस्पताल रवाना किया।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411



गर्मी की छुट्टियों का आनंद लें
गॉस मेमोरियल मैदान में
शुरू हो गया अब रायपुर में !
फन एण्ड फिश वर्ल्ड
हैण्डलूम और हैण्डीक्राफ्ट मेला
अब तक का सबसे बड़ा मेला फिश टनल के साथ ...
रायपुर में पहली बार
दुबई फिश टनल और एक्वेरियम
ORIGINAL DUBAI FISH TUNNEL
स्थान
गॉस मेमोरियल मैदान
आकाशवाणी, काली मंदिर के सामने, सिविल लाइन्स, रायपुर
sumit

# खारुन में सीवरेज का गंदा पानी जाने से रोकने निगम ने पुराने चैंबर को किया बंद

## महादेवघाट पुल के पास सीवरेज लाइन फटने की शिकायत के बाद लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाली खारुन नदी अब सीवरेज के गंदा पानी से मैली नहीं होगी। अमृत मिशन के अधिकारियों ने पीएचई के साथ मिलकर खारुन पैलेस के पास पीएचई के फूटे पुराने चैंबर को बंद कर दिया है। इससे महादेवघाट पुल के पास खारुन नदी से गुजरने वाली सीवरेज लाइन लीकेज की समस्या नहीं होगी।

- अमृत मिशन और पीएचई के अधिकारियों ने समन्वय से किया काम

दरअसल, पीएचई के पुराने जर्जर चैंबर से गटर का लाखों लीटर गंदा पानी खारुन नदी में मिलने से आम जनता की सेहत दांव पर लगी शीर्षक से खबर को हरिभूमि ने 30 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसकी जानकारी होते ही नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और अमृत मिशन के अधिकारी पीएचई के अधिकारियों के साथ स्पॉट पर गये।

वहां उन्होंने महादेवघाट पुल के पास गुजरने वाली सीवरेज लाइन लीकेज की पड़ताल की। जांच के दौरान पता चला कि पीएचई के पुराने जर्जर चैंबर से गटर का गंदा पानी खारुन में तेज प्रवाह के साथ मिल रहा है। इस पुराने चैंबर को बंद करा दिया गया है। इससे अब जीवनदायिनी खारुन नदी दूषित नहीं होगी।

**खास बातें**

- इससे महादेवघाट पुल के पास खारुन नदी से गुजरने वाली सीवरेज लाइन लीकेज की समस्या नहीं होगी



**चैंबर को बंद कराया**

खारुन नदी में सीवरेज का गंदा पानी पुराने चैंबर से बहकर जा रहा था। पीएचई का यह चैंबर डेड होने के साथ ही उसका उपयोग नहीं हो रहा है। इसके ऊपर से नई पाइप लाइन गुजर कर गई है। इसीलिए पुराने चैंबर को बंद कराया गया है। अब खारुन नदी में सीवरेज का पानी नहीं जाएगा।

*- अंशुल शर्मा, नोडल अधिकारी अमृत मिशन प्रोजेक्ट, नगर निगम रायपुर*

## किरण को पीएचडी



रायपुर। रविवि ने किरण ठाकुर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय महिला पुलिस अधिकारी-भूमिका एवं चुनौतियां, एक समाजशास्त्रीय अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य गर्ल्स कॉलेज की पर्यवेक्षक डॉ. पुष्पा तिवारी के मार्गदर्शन में किया है।

## निधन

### टेकु बाई ताम्रकार



रायपुर। पुरानी बस्ती निवासी टेकु बाई ताम्रकार चौहान (85) का 31 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 जून को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे ईश्वर, ज्ञानेश्वर, दुर्गेश, हेमंत, ललित ताम्रकार की माता थीं।

### अशोक सिन्हा



रायपुर। पुरानी बस्ती लिली चौक निवासी अशोक सिन्हा (68) का 31 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे किशोर और सुनील सिन्हा के बड़े भाई और टप्पू, टिंकू, रिंकू सिन्हा के पिता थे।

### मोहित वर्मा



रायपुर। ग्राम नरदहा निवासी मोहित वर्मा (43) का 31 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 जून को गृहग्राम में किया गया। वे पूर्व सरपंच चेतन वर्मा के पुत्र, टीकम वर्मा और ओमप्रकाश के भतीजे और निशा वर्मा के पिता थे।

### संपूर्णानंद अग्रवाल



रायपुर। इंद्रावती कॉलोनी निवासी संपूर्णानंद अग्रवाल (भाटापारा वाले) का 31 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सर्वा के पति, सौम्या एवं स्तुति के पिता व सच्चिदानंद अग्रवाल, नीता, डॉ. जागृति के भाई, डॉ. श्रेय, शुभम के चाचा थे।

### विजय तिवारी



रायपुर। समता कॉलोनी निवासी विजय तिवारी (78) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 जून को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे हर्ष, नम्रता और प्रिया तिवारी के पिता थे।

## शनिवार को लगभग 46 डिग्री रहा तापमान

# पियक्कड़ों को परवाह नहीं तापमान की दोपहर में भी गुलजार हो रहे अहाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर सहित पूरा प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी के प्रकोप से जूझ रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय और ठंडी चीजों का सेवन कर रहे हैं। कई लोगों ने तो सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक झुलसा देने वाली तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण घरों से निकलना ही बंद कर दिया है, जिसके कारण सड़कों पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। इधर दूसरी ओर तापमान 45 डिग्री पहुंचे या 47 डिग्री, इसकी परवाह किए बिना पियक्कड़ अभी भी अहातों में जाकर शराब पी रहे हैं, जिससे भीषण गर्मी में भी अहाते दिनभर गुलजार हो रहे हैं। कई लोग तो अहातों के बाहर खुली जगह पर धूप व लू के थपेड़ों के बीच शराब पी रहे हैं।

हरिभूमि टीम शनिवार को दोपहर एक बजे से ढाई बजे के मध्य शहर के कुछ अहातों में यह देखने पहुंची कि इस भीषण गर्मी में भी क्या लोग शराब पी रहे हैं या नहीं? पड़ताल में भीषण गर्मी में भी अहातों में शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहा। हालांकि यह जमावड़ा अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहा, लेकिन इस जमावड़ा ने यह साबित कर दिया कि शराब के शौकीन तापमान कितना भी बढ़ जाए, इसकी परवाह नहीं करते। आज अधिकतम तापमान लगभग 46 डिग्री के करीब रहा। इसके बाद भी शराब के शौकीन लोग शराब पीने से बाज नहीं आ रहे हैं। कई लोग अहातों के अंदर तो कई लोग अहातों के बाहर खुली जगह पर शराब का सेवन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि दो दिन पहले शहर का अधिकतम तापमान लगभग 47 डिग्री तक पहुंचा था।

**केस 1**

दोपहर 1.15 बजे भाठागांव अहाता के बाहर
दोपहर 1.15 बजे भाठागांव अहाता के अंदर जहां 15-20 लोग शराब पीते नजर आए, वहीं अहाता के बाहर भी कुछ लोग खुली जगह पर खड़े होकर तो कुछ ऑटो में बैठकर शराब पीते दिखे।

**केस 2**

दोपहर 2.25 बजे कटोरा तालाब अहाता के बाहर
कटोरा तालाब विदेशी मदिरा अहाता में दोपहर 2.25 मिनट पर 8-10 लोग अहाता के अंदर शराब पीते मिले, वहीं अहाता के बाहर में भी कई लोग शराब पीते दिखे।








# कारोबारियों की हत्या करने आए शूटरों से पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




हरिभूमि फॉलोअप

कांट्रैक्टर की हत्या करने आए शूटरों से पुलिस कोई खास जानकारी नहीं जुटा पाई है। पुलिस ने कारोबारियों की हत्या करने की नीयत से आए चार शूटरों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने रिमांड पर लिया था, उनकी रविवार को रिमांड अवधि पूरी हो रही है। पुलिस के अनुसार शूटरों की और रिमांड की मांग नहीं की जाएगी। इस लिहाज से कोर्ट के आदेश के बाद शूटरों को जेल दाखिल कर दिया जाएगा।

पुलिस के अनुसार लारेंस विश्नोई तथा मलेशिया में बैठे गैंगस्टर मयंक सिंह के लिए काम करने वाले बदमाश हार्डकोर क्रिमिनल हैं। पुलिस ने बदमाशों को हर एंगल से तोड़ने की कोशिश की, लेकिन बदमाश नहीं टूटे और अपने स्टैंड पर कायम रहे। पुलिस को शूटरों ने पूछताछ में पहले जो जानकारी दी थी, शूटर अपने उस बयान में आखिरी समय तक अड़े रहे। रोहित ने इंदौर में किसके पास से पिस्टल खरीदी, उसके बारे में जानकारी जुटाकर पकड़ने पुलिस की एक टीम इंदौर रवाना की गई है।

घटना के बाद कुछ मीडिया संस्थान को मेल कर कारोबारियों की हत्या करने की चेतावनी दी गई है। सायबर सेल की टीम उस मेल के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि मेल किस आईपी एड्रेस से भेजा गया है।

**पुलिस की जांच रोहित पर टिकी**

पुलिस ने रायपुर तथा राजस्थान से जिन चार शूटरों को पकड़ा है, उनमें पप्पू सिंह को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कारोबारियों की हत्या के लिए सुपारी लेने वालों में पप्पू तथा रोहित स्वर्णकार मास्टर माइंड हैं। घटना को अंजाम देने आया रोहित ने पूर्व में रायपुर में रहकर डेढ़ माह रैकी की है। रोहित के रायपुर में रहने के दौरान वह किन लोगों के संपर्क में था, इस बारे में जानकारी जुटाने पुलिस, रोहित की सीडीआर की जांच कर रही है। सीडीआर की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई निर्धारित करेगी।

# बीए तृतीय वर्ष में सिर्फ 54 प्रतिशत ही हो सके पास, 15 हजार ने दिलाई थी परीक्षा

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीए तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा शनिवार को कर दी गई है। इस परीक्षा में 54 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। शेष 46 प्रतिशत छात्रों में आधे से ज्यादा फेल हैं तथा शेष पूरक श्रेणी में हैं। रविवि द्वारा आयोजित बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा में 15011 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 8 हजार 183 छात्र उत्तीर्ण, 3 हजार 706 अनुत्तीर्ण तथा 2 हजार 872 पूरक श्रेणी में रहे हैं। 126 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। 250 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। इनमें से कुछ छात्रों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण तथा कुछ के नतीजे महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक अंक प्रदान नहीं किए जाने सहित विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। बीकॉम, बीएससी सहित अन्य विषयों की संख्या बीए की परीक्षा में रोके गए नतीजों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

- 3 हजार 700 छात्र फेल, 2 हजार 800 छात्र पूरक श्रेणी में

**शेष परिणाम जून अंत तक**

रविवि द्वारा पहले अंतिम वर्ष तथा अंतिम सेमेस्टर के नतीजे घोषित करने की योजना बनाई गई थी, ताकि उत्तीर्ण होने पर छात्र अन्य विषयों में दाखिले ले सकें। जिन कक्षाओं में बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल होते हैं, उनमें से अधिकतर के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत जिन कक्षाओं के नतीजों की घोषणा नहीं हुई हैं, उनके परिणाम भी जून अंत तक पूर्ण रूप से जारी कर दिए जाएंगे। रविवि ने शनिवार को घोषित बीए तृतीय वर्ष के नतीजे अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### आसमान से आग, जमीन...

यह स्थिति शहर के अन्य वार्डों में भी निर्मित हो रही है, जहां तेज गर्मी से सार्वजनिक और निजी बोरवेल सूखने लगे हैं। नलों की धार पतली होने से बाल्टी भर पानी भरने में समय ज्यादा लग रहा है। राजधानी के अंदरूनी और आउटर हिस्से में स्थित वार्डों में जहां गर्म हवा के थपेड़े लोगों के लिए आफत का सबब बने हैं, वहां पानी की किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। नगर निगम का जल विभाग इस समय शहरभर के जलसंकट प्रभावित इलाकों में जहां 40 पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने में जुटा है, वहीं कई इलाकों में बोरवेल सूखने की वजह से 22 जगहों पर नया बोरवेल खनन कराने की नौबत आई है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 24 घंटे वाटर सप्लाई की योजना का लाभ इस गर्मी में शहर के 15 वार्डों को नहीं मिल पाया, क्योंकि गोलबाजार, मौदहापारा, मोमिनपारा, बैजनाथ पारा में इसके लिए अब तक नई पाइप लाइन नहीं बिछ पाई। जिन इलाकों में पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन किया गया, वहां पाइप लाइन टेस्टिंग का काम अधूरा है। सूत्रों के मुताबिक प्रोजेक्ट पूरा होने में अभी 3 माह का समय और लगेगा। जल संकट प्रभावित इलाकों में 40 पानी टैंकर भेजा जा रहा है। इनमें 20 विभागीय पानी टैंकर और 20 किराये के पानी टैंकर शामिल हैं।

### हांफने लगा एसी ट्रेन...

होने से एसी ही हवा में फर्क दिखाई पड़ता है। ऐसी स्थिति आग लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसीलिए लंबी दूरी की ट्रेनों में इन दिनों में नियमित रूप से जनरेटर पर पानी डाला जा रहा है। रेलवे के अफसरों का कहना है कि यात्रियों की शिकायत रहती है कि एसी कोच अच्छे से ठंडा नहीं हो रहा है। शिकायत पर जांच करते हैं, लेकिन कई बार तकनीकी रूप से कोई खामियां नहीं मिलती। ऐसी स्थिति में जनरेटर पर पानी डालकर ठंडा किया जाता है। कोच में यात्रियों के बढ़ने से भी फर्क पड़ता है।

### एसी के सभी कोच...

बढ़ने लगा है। हावड़ा- अहमदाबाद, रक्सौल एक्सप्रेस, पोरबंदर, विशाखापट्टनम कोरबा लिंक एक्सप्रेस समेत गीतांजली, गरीब रथ और समरसता एक्सप्रेस में इसी कारण कोच के एसी फेल होने की शिकायत मिल चुकी है। गर्मी में हर वर्ष इस तरह की नौबत बन रही है।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल डीजीएम...

परिवार 26 मई को नागपुर गया था और उनकी ड्यूटी महाराष्ट्र, गोंदिया में लगी हुई थी। इसी दौरान चोरों ने मौका का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस को आशंका है कि चोरी की घटना को स्थानीय बदमाशों ने अंजाम दिया है। पुलिस हाल के दिनों में जेल से छूटे चोरों के बारे में जानकारी जुटाकर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### काम करने वाली बाई...

अलमारी खुली हुई है। चोर अलमारी में रखे जेवर चोरी कर ले गए हैं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई, तो चोर दीवार फांदकर अंदर घुसते दिख रहा है। इसके साथ ही चोर चोरी करने के बाद सूटकेस लेकर भागता दिख रहा है।

### जगदलपुर की दूसरी फ्लाइट...

दूसरा विकल्प मिलेगा। अलायंस एयर सप्ताह में दो दिन मंगल एवं गुरुवार को रायपुर होकर हैदराबाद की यात्रा पूरी करती है। इसी तरह इंडिगो सोम, मंगल, गुरु, शुक्रवार को इस रूट पर आवाजाही करती है। इस फ्लाइट के वापस आने के बाद आने वाले दिनों यानी बारिश के मौसम में बंद पड़ी कुछ और उड़ानों के रायपुर से पुनः संचालित होने की संभावना बनने लगी है।

### ठसाठस भरी बोगियों में...

यात्रियों को भीड़ से राहत नहीं मिल पाई है। जून में इन ट्रेनों का परिचालन समाप्त हो जाएगा, जिसके बाद फिर ट्रेनों में भीड़ दोगुनी हो जाएगी। शनिवार को हावड़ा-अहमदाबाद, पुरी एक्सप्रेस समेत छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में भारी भीड़ देखने को मिली। अतिरिक्त कोच लगाने के बाद भी ट्रेनों में यात्रियों का दबाव कम नहीं हो रहा है। रायपुर से महानगरों को जाने वाली ट्रेनों में भीड़ अपेक्षाकृत कम है। बड़ी संख्या में यात्री मुंबई, दिल्ली और हावड़ा से रायपुर लौट रहे हैं।

### दरवाजे पर लटकते...

सकती है। 50 से अधिक समर स्पेशल चलाए जाने के बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। आने वाले समय में ट्रेनों में भीड़ और भी बढ़ेगी। शनिवार को रायपुर स्टेशन ठसाठस था। ट्रेन के रुकते ही वहां अफरातफरी के हालात थे। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए जंग लड़ते नजर आए। बाहर गेट तक पहुंचने का झगड़ा और भीतर सीट नहीं, बल्कि खड़े रहने की जगह के लिए मारामारी।

**आम सूचना**

(वाके मौजा ग्राम- शंकर नगर प.ह.नं. 63, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में।)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मुझे मेरे पक्षकार क्रेता- श्री हनी मोटवानी पिता श्री जयराम दास मोटवानी निवासी- बी-15, विधानसभा रोड, वाटर टैंक के पास, मोवा, रायपुर (छ.ग.) वाले के द्वारा विक्रेतागण 01. श्री राजेश सावन सुखा पिता- श्री रतनलाल सावन सुखा, 02 श्रीमती प्रतिभा सावन सुखा पति- श्री राजेश सावन सुखा, दोनो निवासी- गोल्डन होम कालोनी, शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 1150/67 का भाग रकबा 25x59.2= 1480 वर्गफुट भूमि, जो कि ग्राम - शंकर नगर, प.ह.नं. 63, रा.नि.मं- रायपुर, वार्ड क्रं. 27 डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड की कंडिका 06 "गोल्डन होम" में धारित की जाती है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम राशि अदा कर दी गई है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय, अर्द्धशासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 03 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 01/06/2024

नीरज सत्यवानी (अधिवक्ता)
श्याम स्क्वेयर पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 82510-36776

**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता मीना निषाद, पिता/पति- श्री दशरथ निषाद, पता- 372 धुरिपारा, पवनी, खउना, जिला- रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- निलजा, प.ह.नं. 00010, रा. नि. मं. रायपुर 16 सारागांव, तहसील- धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) है। जिसका खसरा नं. 146/5, रकबा 0.2020 हेक्टेयर है जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक पी- 386170 है, उक्त सम्पत्ति को कय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 01/06/2024

( गीतेश कुमार बैस )
अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 9009057851

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र. 202404111000 73434-अ-6 (अ) / वर्ष 2023-24
सारागांव दिनांक 20/05/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लोकनाथ पिता श्री तीजूराम साहू निवासी ग्राम व पोस्ट सिलयारी जिला रायपुर छ. ग. द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि आवेदक की माता श्रीमती अगसिया बाई साहू पिता स्व. जगदीश साहू के नाम पर कृषि भूमि जो कि ग्राम सिलयारी प.ह.न. 07 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है। आवेदक की माता के नाम पर स्थित कृषि भूमि का खसरा नं. क्रमशः 807/1, 809 / 6 रकबा 0.203 हे एवं 0.203 हे. भूमि जो कि पटवारी अभिलेख मे दर्ज है तथा उक्त कृषि भूमि से प्राप्त ऋण पुस्तिका में खसरा नं. 893/4 रकबा 0.142 हे. है । उक्त खसरे की भूमि आवेदक की माता श्रीमती अगसिया बाई साहू के परिवार से आपसी खाता के विभाजन से प्राप्त हुआ है । किंतु अभिलेख में उनका नाम दर्ज नही है। आनलाईन रिकार्ड में उक्त खसरा एवं उनका नाम दर्ज नही है, जिसका पूर्व रिकार्ड के अनुसार बी-1 एवं खसरे की नकल आवेदक को प्रदाय किया गया है। अतः आवेदक की माता के नाम पर आनलाईन राजस्व अभिलेख में दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 07/06/2024 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अन्नू तारक उम्र 44 वर्ष पिता रामनारायण तारक, निवासी- ग्राम कोलर, पो. कोलर थाना व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्यामलाल यदु उम्र 49 वर्ष पिता रतिराम यदु निवासी - ग्राम कोलर, पो. कोलर, थाना व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम कोलर, प.ह.नं. 04, रा. नि. मं. - खोरपा, तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित ख.नं. 164/2 रकबा 0.546 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर पक्का सौदा कर लिया है, केवल वर्णित भूमि का पंजीयन कार्य कराना ही शेष है, परन्तु विक्रेता द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि को मेरे पक्षकार के पक्ष में पंजीयन कराने मे हिला-हवाला कर मेरे पक्षकार को अनावश्यक रूप से घुमाया जा रहा है तथा उक्त वर्णित भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने के निरन्तर प्रयास किया जा रहा है जो कि अवैधानिक है एवं किये गये पक्का सौदा के नियम व शर्तों का घोर उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि क्रय करने का सौदा ना करें अन्यथा बाद म्याद बितने पश्चात उक्त निष्पादित विक्रयनामा शून्य व अमान्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी एवं जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

स्थान अभनपुर
दिनांक – 30/05/2024

अपूर्व चौबे अधिवक्ता
अभनपुर तहसील कार्यालय परिसर
अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
मो. नं. 8109981811

Health Town

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
- Spoken English & Personality Development Classes
- Transport & Surveillance Facility
- Monthly Seminar & Discussion
- Personal attention on each students
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%

Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
- Extra curricular activities
- Personal attention to each student Limited student in each class
- Music, Dance, personality development classes
- Yoga
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%

Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756


## खबर संक्षेप

### संघ के प्रशिक्षण का समापन आज

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत का 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग (सामान्य) के प्रशिक्षण का समापन 2 जून को होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री जागेश्वर बिरहोर होंगे। साथ ही मुख्य वक्ता क्षेत्र संघचालक मध्यक्षेत्र डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना होंगे। कार्यक्रम बूढ़ापारा के छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम में शाम 5.30 बजे होगा। स्थानीय कृष्णा पब्लिक विद्यालय, कमल विहार, डूण्डा में संघ शिक्षा वर्ग के 15 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 18 मई से 3 जून तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी जिलों से 577 शिक्षार्थी शामिल हुए हैं।

### उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत दरों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है, यह अनुचित है।



साय सरकार नागरिकों को हर तरफ से परेशान करने की नीयत से काम कर रही है। बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ-साथ उद्योगों और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की सहूलियतों से कुछ लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है।

### सिंधु पैलेस में 'कंवर जो मेलो' आज

**रायपुर।** सिंधी समाज द्वारा शंकर स्थित सिंधु पैलेस में 2 जून को 'कंवर जो मेलो' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी सारी तैयारी सेवादारियों द्वारा की गई है।




यह जानकारी अमर गिदवानी, अमित जीवन, किशोर आहूजा, पवन प्रीतवानी एवं अमरदास खट्टर ने देते हुए बताया कि इस आयोजन का शुभारंभ शाम 4 बजे पूज्य कंवरधाम अमरावती के प्रमुख साईं राजेश लाल, साईं युधिष्ठिरलाल, गोदड़ीवाला दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी, अमरधाम चकरभाटा के साईं लालदास, छग साधु समाज एवं मसंद सेवाश्रम के प्रमुख साईं जलकुमार मसंद के सानिध्य और सिंधी समाज की उपस्थिति में किया जाएगा।

### 'लू' से ट्रैफिक जवान की मौत शहीद का दर्जा देने की मांग

**रायपुर।** लू की चपेट में आकर राजधानी के एक ट्रैफिक आरक्षक जवान भागीरथी कंवर की जान चली गई, जिस पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने शासन से मृतक ट्रैफिक जवान को शहीद का दर्जा देने, आश्रित परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और शासकीय नौकरी देने देने की मांग की है। उन्होंने कहा, जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक आरक्षक जवान भागीरथी कंवर की मृत्यु ड्यूटी के दौरान हुई है।

### कांग्रेस नेता और प्रवक्ता डिबेट में शामिल होंगे

**रायपुर।** इंडिया गठबंधन के फैसले के अनुरूप कांग्रेस के प्रवक्ता एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होंगे। 24 घंटे में कांग्रेस ने अपना फैसला बदला है। कल कांग्रेस ने एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल न होने का फैसला लिया था। अब इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के द्वारा एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होने के फैसले के बाद कांग्रेस भी अपने प्रवक्ताओं को इसमें भाग लेने की अनुमति दे दी है। एआईसीसी मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट किया कि इंडिया गठबंधन ने यह निर्णय लिया है कि एग्जिट पोल संबंधित भाजपा और उसके तंत्र को बेनकाब करना आवश्यक है। एग्जिट पोल के डिबेट में भाग लेने के पक्ष और विपक्ष पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन डिबेट में भाग लेगा।

# रविवि ने कहा-बैटरी बैकअप के साथ पहुंचें, मोबाइल बंद हुआ तो छात्र जिम्मेदार, एप्पल फोन बैन

## सीबीएस की 60 सीटों के लिए 1227 ने दी परीक्षा, शेष के लिए एंट्रेंस टेस्ट 19 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- इस बार भी ऑनलाइन मोड में प्रवेश परीक्षाएं
- परीक्षा में ला सकेंगे केवल एंड्रायड फोन, टैबलेट या लैपटॉप

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत शनिवार को सीबीएस अर्थात सेंटर फॉर बेसिक साइंस के साथ हो गई है।

रविवि द्वारा संचालित इस इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षाओं में सर्वाधिक छात्र शामिल होते हैं। यही वजह है कि विश्वविद्यालय द्वारा सबसे पहले इसी विषय की परीक्षाएं ली जाती हैं। मात्र 60 सीटों के लिए 1227 छात्रों ने परीक्षाएं दिलाई हैं। सीबीएस के अतिरिक्त अन्य सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं 19 जून से प्रारंभ हो रही हैं। ये प्रवेश परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में हो रही हैं। रविवि ने स्पष्ट किया है कि छात्रों को अपने साथ मोबाइल, टैबलेट अथवा लैपटॉप लेकर आना होगा।

छात्रों को एंड्रायड सिस्टम वाले मॉडल लाने ही कहा गया है। एप्पल फोन छात्र नहीं ला सकेंगे। क्योंकि यह सिस्टम को सपोर्ट नहीं करेगा। छात्रों को अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्ण रूप से चार्ज करके लाने कहा गया है। इसके अलावा बैटरी बैकअप भी रखने कहा गया है। छात्रों की डिवाइस में दिक्कत होने पर पूरी जिम्मेदारी उनकी ही होगी।

### रविवि देगा वाई-फाई

प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ होते ही रविवि द्वारा को एक लिंक देगा। इसमें क्लिक करने के बाद छात्रों के सम्मुख प्रश्नपत्र प्रदर्शित होगा। इसमें छात्रों को सही विकल्प पर क्लिक करना होगा। परीक्षा केंद्र में जैमर लगाया जाएगा, ताकि छात्र एग्जाम के लिए दिए गए लिंक के अलावा गूगल अथवा किसी अन्य माध्यम को खोलकर उत्तर ना ढूंढ सकें। परीक्षा दो पालियों में होगी। छात्रों को एक घंटे पहले सेंटर पहुंचना होगा। रविवि द्वारा छात्रों को वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी। विद्यार्थी चाहें तो इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। परीक्षा हिंदी और इंग्लिश में होगी।



### माइनस मार्किंग नहीं

रविवि द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा में माइनस मार्किंग नहीं होगी। यह व्यवस्था पहले से ही है। इसे नए सत्र के लिए भी बरकरार रखा गया है। सभी विषयों की प्रवेश परीक्षा में 50-50 सवाल पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक नंबर का होगा। इस तरह से प्रवेश परीक्षा 50 अंकों की होगी। प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम विभागवार जारी किए जाएंगे। इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों को विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा। इसके लिए छात्रों को एक घंटे का समय मिलेगा।

## महीनेभर पहले भेजा पत्र, एक भी जगह से रिस्पांस नहीं

# शहर में पौधारोपण के लिए जगह का टोटा वार्ड पार्षदों से मांगे सुझाव, पौधों की डिमांड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अबकि बार बीएसयूपी आवासीय परिसर पर रहेगा फोकस
- लभांडी इलाके में लगाये गये 10 हजार पौधे सुरक्षित

रायपुर शहर में पौधारोपण के लिए नगर निगम को खाली जगह नहीं मिल रही। कंक्रीट के जंगल में तब्दील शहर के 70 वार्डों में वार्ड पार्षदों से उद्यानिकी विभाग ने पौधारोपण के लिए जगह सुझाने महीनेभर पहले पत्र भेजकर पौधों की डिमांड मांगी, पर 70 वार्ड में से एक भी वार्ड से अब तक पौधों की डिमांड आई और न ही वार्ड पार्षदों ने अपने वार्ड में पौधा लगाने के लिए खाली जगह बताई। अब निगम मुख्यालय शहर के बीएसयूपी आवासीय कालोनी में पौधारोपण करने की तैयारी में है। वहीं लभांडी इलाके में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में नगर निगम द्वारा गत वर्ष लगवाए गए अलग-अलग प्रजाति के 10 हजार पौधे सुरक्षित हालत में हैं।




बारिश से पहले शहर में पौधारोपण के लिए नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग ने नगर निगम के 70 वार्डों के पार्षदों के पास पत्र भेजकर उनके वार्ड में पौधा लगाने खाली जगह की जानकारी मांगी है। साथ ही किन-किन प्रजातियों के पौधा का रोपण करना चाहते हैं, उन पौधों की संख्या संबंधी सुझाव मांगा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि महीनाभर पहले निगम मुख्यालय से नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में पौधारोपण के लिए सुझाव लेने पार्षदों के पास पत्र भेजा गया है, पर अभी तक एक भी वार्ड से बारिश पूर्व पौधारोपण के लिए खाली जगह के सुझाव नहीं आये। विदित हो कि नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में पौधारोपण के लिए सार्वजनिक स्थानों, तालाब, स्कूल परिसर, सामुदायिक भवन सहित वार्ड में खाली जगह की जानकारी वार्ड पार्षद के माध्यम से मंगाई जाती है। पौधों की डिमांड आने पर वन विभाग से इसके लिए अलग-अलग प्रजाति के पौधारोपण करने डिमांड भेजा जाता है। जून की शुरुआत होने के साथ ही शहर में पौधारोपण के लिए खाली जगह तलाशी जा रही है।

### जगह का टोटा बीएसयूपी आवासीय परिसर में फोकस

नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा का कहना है, शहर में पौधा लगाने के लिए जगह की कमी है। इस बात को ध्यान में रखकर इस बार शहर के बीएसयूपी आवासीय परिसर की खाली जमीन पर वृहद पैमाने में पौधारोपण करने की योजना है। इसके लिए जोनवार जानकारी मंगाई जा रही है।

### औद्योगिक समूहों से कराएंगे पौधारोपण

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हाल ही में राजधानी में एक्सप्रेस वे तेलीबांधा, शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण हीरा ग्रुप के एमडी दिनेश अग्रवाल के साथ किया। आयुक्त ने एक्सप्रेस वे में पौधा रोपण सहित अन्य कार्य प्रारंभ कराने निर्देश दिये। सीएसआर मद से यह कार्य कराया जायेगा।

# आंबेडकर के पुराने भवन में कूलर-पंखे बेअसर, नई बिल्डिंग में होगा सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

45 डिग्री से अधिक के तापमान में आंबेडकर अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में इलाज के लिए भर्ती मरीज उबल रहे हैं। वहां राहत के लिए लगाए गए कूलर-पंखे भारी गर्मी में बेअसर हो चुके हैं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के नए सात मंजिला भवन में सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम का प्रावधान किया गया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद इस योजना पर काम रफ्तार पकड़ने के आसार हैं। आंबेडकर अस्पताल में सात मंजिला नए भवन को बजट में स्वीकृति दी गई थी। काम शुरू करने के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से वित्त विभाग को राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भी प्रेषित किया जा चुका है, जिस पर अंतिम फैसला हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक आचार संहिता समाप्त होने के बाद भवन निर्माण की योजना पर काम शुरू किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार नए भवन में मरीजों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम का प्रावधान किया गया है। गर्मी के मौसम में हर साल पुराने भवन में संचालित वार्डों में भर्ती मरीजों को हलाकान होना पड़ता है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें राहत देने के लिए बड़ी संख्या में कूलर और पंखे लगाए गए हैं, मगर इस बार की गर्मी ने उन्हें पूरी तरह बेअसर कर दिया है और मरीजों की परेशानी बढ़ी हुई है। वार्ड के बाहर तो मरीज के परिजन जैसे-तैसे अपना वक्त काट लेते हैं, मगर भीतर मरीजों को हालत बदतर हो जाती है। गर्मी के दिनों में होने वाले इस कटु अनुभवों को ध्यान में रखते हुए नए भवन को सीसीएस से लैस करने की योजना है।



### पुराने भवन में जगह का अभाव

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आंबेडकर अस्पताल के पुराने भवन में डीके अस्पताल की तरह सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम लगाने की योजना बनाई गई थी। योजना को स्वीकृति मिल चुकी थी, मगर भवन में इसे स्थापित करने के लिए सही जगह नहीं होने की वजह से योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इसका खामियाजा हर साल कूलर की संख्या बढ़ाने के रूप में भुगतना पड़ता है। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल के मरीजों, चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को चार सौ कूलरों की मदद से गर्मी में राहत देने का प्रयास किया जाता है।

### पहली किस्त में 85 करोड़

आंबेडकर अस्पताल में उपचार की क्षमता और संसाधन बढ़ाने के लिए 322 करोड़ के खर्च से सात मंजिला और सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन में आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य सुविधा भी दी जाएगी। योजना को पूरा करने के लिए पहली किस्त में 85 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने की चर्चा है। इस भवन का निर्माण किए जाने के लिए जगह का चिन्हाकंन भी किया जा चुका है।

## सीएम साय बोले-जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में शनिवार को लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण का मतदान भी हो गया। इसके बाद देर शाम तक एग्जिट पोल के नतीजे भी सामने आ गए हैं। कुल सात चरणों में हुए चुनावों में देश की 542 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गए हैं। इसके नतीजे 4 जून को आएंगे।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें भाजपा जीत रही है। सीएम साय ने फिर एक बार मोदी सरकार बनने का दावा किया है। सीएम साय 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से आश्वस्त हैं। श्री साय ने कहा, मुख्यमंत्री होने के नाते मेरा छत्तीसगढ़ के अलावा और दूसरे प्रदेशों में जाना हुआ है। मैं ओडिशा, झारखंड, मध्यप्रदेश भी गया। सभी जगह भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा वातावरण है। सभी लोग तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। मेरा पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में हम लोग सभी 11 सीटें भारतीय जनता पार्टी को जीताकर दे रहे हैं।

### किरण देव बोले- अबकी बार 400 पार का नारा सही साबित होगा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मतदान के बाद (एक्जिट पोल) के सामने आए अनुमानों को भाजपा के लिए उत्साहजनक बताते हुए कहा कि ये अनुमान इस बात के प्रमाण हैं कि भाजपा ने भारत और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन के निर्णय को धरातल पर रहकर सटीक आंकलन किया है। भाजपा अपने लक्ष्य अबकि बार 400 पार को हासिल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की एक सशक्त सरकार के साथ सत्ता में लौटेगी।



श्री देव ने कहा कि एक्जिट पोल के ये आंकड़े इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अपने उद्घोष में निहित सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ काम किया है और इसलिए एंटी इन्कम्बेंसी जैसे मिथक को प्रो-इन्कम्बेंसी में तब्दील होते देखना भारतीय राजनीति में एक सुखद संकेत है। श्री देव ने कहा, एक्जिट पोल के अनुमानों से परे जाकर भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन सत्ता सौंप रही है, इसमें कोई संदेह नहीं है। इससे पहले पिछले दो लोकसभा चुनावों में भी भाजपा-एनडीए के लिए एक्जिट पोल के जो आंकड़े सामने दर्शाए गए थे, भाजपा ने उन अनुमानों से परे जाकर न केवल 2014 में अकेले 282 सीटों पर जीत हासिल की थी, अपितु 2019 के चुनाव में एक्जिट पोल के आंकड़े को झुठलाकर 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उन दोनों चुनावों में एनडीए को क्रमशः 336 और 353 सीटें मिली थीं। 2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के एक्जिट पोल के आंकड़ों के विपरीत भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

# गर्मी में सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए जोन को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने सभी महाप्रबंधकों को लिखा पत्र, गर्मी में सावधानी बरतने पर दिया जोर

देश में अत्यधिक गर्मी के बीच ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने सभी रेलवे जोन को पत्र लिखकर सावधानी बरतने की सलाह दी है। रेलवे का पत्र जोन में पहुंचने के बाद अफसरों के बीच बैठकों का दौर शुरू हो गया है। अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में देश में अत्यधिक गर्म और चरम मौसम की स्थिति है। इस अवधि में सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरती जा रही है और इस समय यह आवश्यक है कि सभी संपत्तियों का रखरखाव उच्चतम मानक का हो और इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाए।

### डीआरएम को निरीक्षण करने का निर्देश

पत्र में महाप्रबंधकों से सुनिश्चित करने को कहा कि सभी मंडल रेलवे प्रबंधक, डीआरएम एक माह तक अपने मंडल के यार्ड समेत सभी खंडों का निरीक्षण करें। उन्होंने सलाह दी कि प्रमुख विभागाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों को अपने संबंधित क्षेत्र में सभी जरूरी पहलुओं को कवर करते हुए विस्तृत निरीक्षण करना चाहिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी सुरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों से संपर्क किया जाए और सलाह दी जाए और जांच के दौरान मिलीं खामियों-कमियों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी महाप्रबंधकों से सुरक्षा के लिए की गई कार्यवाही की अनुपालन रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी निदेशक को भेजने को कहा है।

# गर्भवती महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गभर्वती महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में योग प्रशिक्षण की सुविधा शुरू की जा रही है, ताकि वार्ड की गर्भवती महिलाओं को अपने नजदीक योग प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। राजधानी रायपुर के खोखो पारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल, डॉक्टर स्मृति देवांगन और जोन कमिश्नर विमल गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर महिलाओं को योग की खूबियों से अवगत कराया गया। डॉक्टर, मितानिन दीदी और स्वास्थ्य कर्मचारियों की मौजूदगी में हुए



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि अब तक वार्ड में गर्भवती महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। एक अरसे से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के सहयोग से खोखो पारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अब यह सुविधा गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क मिलने लगेगी। जल्द ही यहां सोनोग्राफी मशीन और एक्सरे मशीन का भी शुभारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही दांत संबंधी परेशानियों का निदान करने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दंत चिकित्सक उपलब्ध कराया जायेगा।

## बिजनेस साइट सिटी

### कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में बी.फार्म प्रैक्टिस ब्रिज कोर्स

**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में बी.फार्म (प्रैक्टिस) ब्रिज कोर्स लाया गया है। कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के एसोसिएट प्रोफेसर के अनुसार डिप्लोमा पंजीकृत और कार्यरत फार्मासिस्टों को अतिरिक्त योग्यता और स्नातक डिग्री प्रदान करता है। यह उन फार्मासिस्ट के लिए एक प्रगतिशील योजना है, जो किसी कारण अपनी शैक्षणिक योग्यता को नहीं बढ़ा पाए। ऐसे फार्मासिस्टों के लिए यह योजना लाई गई है। यह बैचलर ऑफ फार्मेसी प्रैक्टिस में डिग्री होने का प्रमाणपत्र होगा। फार्मेसी अधिनियम 1948 के तहत फार्मासिस्ट के रजिस्टर में दर्ज की जाने वाली अतिरिक्त योग्यता है। बता दें कि इस पाठ्यक्रम की अवधि दो शैक्षणिक वर्ष की है।



### एम्पॉवरिंग टीचर एजूकेटर्स पर नेशनल लेवल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज रायपुर द्वारा 'एम्पॉवरिंग टीचर एजुकेटर्स फॉर 21 सेंचुरी' विषय पर छह दिवसीय नेशनल लेवल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें पहले दिन मुख्य अतिथि डॉ. रमेश चंद्र कोठारी, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय सूरत गुजरात के पूर्व कुलपति रहे। जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हूरा विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रथम दिवस की मुख्य वक्ता डॉ. रिया तिवारी, प्राचार्य, ग्रेसिअस कॉलेज ऑफ एजूकेशन अभनपुर रायपुर रहीं। उन्होंने 'न्यू ट्रेंड्स इन एंड टेक' विषय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 2 जून 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



ग्रुप बनाकर उद्यानों में ला रहे हरियाली...


लाइव इवेंट

## फैकल्टी और स्टाफ को फिट रखने एनआईटी क्रिकेट लीग



रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के खेल विभाग द्वारा जून में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का आयोजन किया जा रहा है। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित इस रोमांचक आयोजन का उद्देश्य संस्थान की फैकल्टी व स्टाफ के बीच शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। लीग की शुरुआत शनिवार सुबह 6 बजे उद्घाटन समारोह के साथ हुई। माइनिंग इंजीनियरिंग के डॉ. मनोज प्रधान अतिथि और फैकल्टी वेलफेयर डीन डॉ.डी.सान्याल विशेष अतिथि रहे। उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट के लिए मार्गदर्शन दिया। लीग में 3 टीम एनआईटी रॉयल्स, एनआईटी लायंस, एनआईटी स्ट्राइकर्स हिस्सा ले रही है। संस्थान की फैकल्टी, रिसर्च स्कॉलर्स और स्टाफ इन टीम के सदस्य हैं।

### 10 मैचों की है यह क्रिकेट लीग

सभी टीमें उद्घाटन समारोह में उपस्थित रही। उद्घाटन समारोह के बाद लीग के पहले मैच का शुभारंभ हुआ। 10 मैचों की यह लीग 1 जून से शुरू होकर 28 जून को शीर्ष 2 टीम के बीच निर्णायक मुकाबले के साथ समाप्त होगी। जर्सी अनावरण समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी टीम और कार्यक्रम के स्पॉन्सर क्लिक एडवाइजरी के संतोष कुमार बजाज उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया फिट इंडिया मूवमेंट दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि और खेल के महत्व पर जोर देता है। एनआईटी का कहना है कि क्रिकेट प्रीमियर लीग एक रोमांचक प्रतियोगिता साबित होगी, जो सभी को फिटनेस और खेल भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

● नेशनल एनिमल राइट्स डे आज : बेजुबानों की आवाज बनकर संस्थाएं लड़ रहीं कानूनी लड़ाई

# न्याय दिलाने वकील बगैर फीस लड़ रहे बेजुबानों का केस

## बीते तीन वर्षों में 40 से अधिक मामलों में दोषियों को जेल

" शहर में बेजुबानों के साथ हुए अत्याचार के खिलाफ पशु प्रेमियों की संस्थाएं अब आवाज बन रही हैं। पशुओं को न्याय दिलाने के लिए पुलिस थाने से लेकर कोर्ट तक लड़ाई वे लड़ रहे हैं।

रायपुर। संविधान में बेजुबानों के लिए अधिकार बनाए गए हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती है और अपने स्वार्थ के लिए पशुओं की हत्या या फिर नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। हरिभूमि ने पशुओं से जुड़ी सामाजिक संस्थाओं से बातचीत की। उन्होंने बताया कि हर साल रायपुर में 100 से अधिक बेजुबानों की हत्या कर दी जाती है। इसमें केवल 8 से 10 मामले में ही उन्हें न्याय मिल पाता है। एनिमल फ्रेंड ग्रुप की नियति शर्मा ने बताया कि जिले में ही 2023 से अभी तक दर्जन मामलों में आरोपी अब भी फरार हैं। समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो केवल मस्ती अथवा मनोरंजन के लिए जानवरों को प्रताड़ित करता है और प्रताड़ना का वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर पोस्ट करते हैं। सोशल साइट्स के माध्यम से भी प्रताड़ना की जानकारी मिलने पर इन सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्व-स्फूर्त एक्शन लिया जाता है।





### कुत्तों पर छड़ी उठाकर उन्हें डराना भी पशु क्रूरता

*एक्टिविस्ट आनंदिता दत्ता कहती हैं, यह ग्रह जितना हमारा है उतना ही उनका भी है। एकमात्र समाधान सह-अस्तित्व में है। अपने जागरूकता अभियान में लोगों को बताते हैं कि कुत्तों-बिल्लियों को उनके स्थान से एक अलग क्षेत्र में विस्थापित करना पशु क्रूरता निवारण की धारा 11 का उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त, कुत्तों पर छड़ी उठाकर, उन्हें डराना या छड़ी लेकर उनके पीछे दौड़ना, उन पर पत्थर फेंकना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत क्रूरता में परिभाषित है। किसी जानवर की हत्या करना या अपंग बनाना, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 325 के तहत एक गंभीर अपराध है, जिसमें 5 साल तक की कैद की सजा हो सकती है।*





### टीम में व्यापारियों सहित अन्य वर्ग के लोग

संस्था सदस्यों के अनुसार, सोशल मीडिया में जैसी ही हमें पशु के साथ क्रूरता की शिकायत मिलती है हमारी टीम उस जगह पर पहुंचती है और पुलिस में इसकी शिकायत करती है। अभी तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में तीन सालों में 40 से अधिक मामलों में बेजुबानों को न्याय दिला चुके हैं। इसमें आरोपियों को जेल भी हुई है। उन्होंने बताया कि बेजुबानों को न्याय दिलाने रायपुर, बिलासपुर समेत दुर्ग और भिलाई में 14 मामले पर पुलिस जांच कर रही है। संस्था में 18 लोगों की टीम है, जिसमें वकील, पुलिस, व्यापारी समेत अन्य वर्ग के लोग शामिल हैं।

### अपने स्वार्थ के लिए अत्याचार

सामाजिक संस्था एनिमल ऑफ लाइफ 5 सालों से पशुओं के लिए शहर में काम रही है। संस्था से जुड़ी एडवोकेट मुस्कान तिवारी ने बताया कि लोग बेजुबान के लिए अभी आवाज नहीं बनते हैं। कोर्ट में इंसानों के साथ पशुओं का केस भी लड़ती हूं। हर साल 6 से अधिक मामले आते हैं। ज्यादातर केस में लोग अपने स्वार्थ के लिए बेजुबानों के साथ अत्याचार करते हैं। इस तरह के केस सामाजिक संस्थाओं के लिए निःशुल्क लड़ती हूं।

### सोशल मीडिया से मिलती है जानकारी

*जानवरों की रक्षा करने एनिमल लवर कम्युनिटी शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के अधिकारों की जानकारी देने जागरूकता अभियान चला रही है। संस्था की आनंदिता दत्ता का कहना है कि हमारी संस्था पशुओं की हत्या से मुक्ति चाहती है। फार्म में बेची जा रही मुर्गियों के लिए कोई न्याय व्यवस्था नहीं है, क्योंकि इसे मारकर खाने का अधिकार लोगों को हैं। हम लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास करते हैं कि वे इन बेजुबानों को न खाएं और उन्हें मुक्ति दें। उनका कहना है कि सोशल मीडिया के जरिए जब भी बेजुबान की बेवजह हत्या और क्रूरता की शिकायत मिलती है, तो उन्हें न्याय दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़ते हैं। उसमें हमें सफलता भी मिली है।*

सिटी इवेंट

## कृषि विवि में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव 12 से



रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विवि में तीन दिवसीय आम महोत्सव की शुरुआत 12 जून से होने जा रही है। कृषि विवि सहित संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 12, 13 एवं 14 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर इस आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में आम की 150 से अधिक किस्मों व आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। आयोजन के प्रथम दिवस 12 जून को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। द्वितीय दिवस आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 13 जून को 12 बजे से 4 बजे तक तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे नई पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर बढ़ सके।

**देशभर से आम की 150 से अधिक किस्मों एवं 56 व्यंजनों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी**

### आम सज्जा : सामान्य नागरिक भी ले सकते हैं हिस्सा

इस अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित है। इसके अतिरिक्त आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क रहेगा। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं। इसके पश्चात सामान्यजनों के लिए प्रदर्शनी अवलोकनार्थ रात 9 बजे तक खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। अंतिम दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा।



## प्राध्यापकों संग छात्रों ने जाने पाचन तंत्र को योग के जरिए मजबूत रखने मंत्र, स्ट्रेस मैंजनमेंट भी

रायपुर। रविवि में योग आधारित चार दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यूजीसी के अंतर्गत आने वाले इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज के सहयोग से यह कैंप लगाया जा रहा है। एक जून से इसकी शुरुआत हुई। 4 जून को इसका समापन होगा। प्रथम दिवस एम्स के योग थेरेपिस्ट कुंदन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने योग अभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ जीवन के लिए टिप्स देते हुए कहा कि एक स्थान पर बैठना भी योग होता है। योग के कई आसन कराए गए। पाचन तंत्र को मजबूत करने वाले विभिन्न आसन जैसे कि गोमुख आसन, ताड़ासन, मंडूक आसन, बटरफ्लाई, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, मकर आसान, पवन मुक्तासन की जानकारी दी गई। प्राणायाम में अलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम व भ्रामरी की भी जानकारी दी गई। इस योग शिविर में रविवि के शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ विद्यार्थी और शोध छात्र भी हिस्सा ले रहे है। जीवन में बढ़ते तनाव को दूर करने विवि प्रबंधन द्वारा अपने छात्रों तथा प्राध्यापकों को योग सीखाया जा रहा है, ताकि वे अध्ययन-अध्यापन के कार्य में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

**रविवि ने अपने स्टाफ स्टूडेंट्स के लिए लगाया कैंप, एम्स से आए एक्सपर्ट**



### जीवन शैली को सुदृढ़ करने में मदद

उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, कार्यशाला निर्देशक प्रो. सी.डी. अगाशे, प्रो. रीता वेणुगोपाल, प्रो. राजीव चौधरी सहित अन्य प्राध्यापक शामिल रहे। कार्यशाला की जानकारी देते हुए विशेषज्ञों ने कहा, योग में अनुशासन अति आवश्यक है। यह व्यक्ति को आदर्श के रूप में स्थापित करता है। कुलपति ने कहा, योग भारतीय प्राचीन सभ्यता है जो विश्व में निरंतर जीवन शैली को सुदृढ़ बनाने में मदद कर रहा है। यह कई लाइलाज बीमारी को पूर्ण रूप से समाप्त करने में सक्षम हैं। प्रो. राजीव चौधरी ने योग के महत्व को बताते हुए योग को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। योग लाभार्थियों ने पूरी ऊर्जा के साथ योगाभ्यास किया। प्रथम दिन में 200 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।

## फिल्म 'मोर बाई हाई फाई' का पहला गाना आज होगा रिलीज

रायपुर। छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मोर बाई हाई फाई' का पहला गाना 2 जून को क्रिएटिव विजन चैनल के यूट्यूब चैनल में जारी किया जाएगा। यह गीत अभिनेता प्रकाश अवस्थी और सृष्टि देवांगन पर फिल्माया गया है। इस गाने को सुनील सोनी और अनुपमा मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। गीत व संगीत स्वयं प्रकाश अवस्थी के ही हैं। नृत्य निर्देशन संजू तांडी का है। फिल्म से जुड़े कलाकारों ने बताया, गाने की शूटिंग छग के ही विभिन्न स्थानों पर की गई है। गाने में छत्तीसगढ़ी भाषा की सुंदरता और संस्कृति दिखाई देगी। फिल्म 26 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म का पोस्टर पहले ही जारी किया जा चुका है। प्रकाश अवस्थी और सृष्टि देवांगन के साथ फिल्म में प्रमिला, दीपाली, योगेश अग्रवाल और अनुपम वर्मा भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन नीतेश लहरी ने किया है। फिल्म को लेकर कलाकारों में उत्साह है और उन्होंने इसके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।



कॉर्नर न्यूज

कथा समापन पर गणेश और रिद्धि-सिद्धी का विवाह

# 24 घंटे भजन नहीं कर सकते तो कम से कम एक मिनट करें

# पाप रखने की नहीं होती पेटी, शिव को फोन नहीं दिल में रखें

रायपुर। शिव पूजन करने के लिए किसी सामग्री की जरुरत नहीं है। मानव शरीर मिल जाए और साथ में भगवान शिव की भक्ति हो जाए तो यह बड़ा है। बोले बाबा को सरल, सहज समझ लेना लेकिन अनाड़ी मत समझना। ये बातें अंतिम दिन कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा ने कही। कथा समापन के दौरान गणेश और रिद्धि-सिद्धी का विवाह संपन्न हुआ। शनिवार को कथा श्रवण करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक गजेंद्र यादव व दीनबंधु ठाकुर पहुंचे।



### मोबाइल से डिलीट हो जाएगी फोटो

कथा श्रवण करने आए श्रद्धालुओं से कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा, कथा में आकर हम फोटो खिंचते हैं। सेल्फी तुम भी ले रहे हो हम भी खींचते हैं। अंतर सिर्फ यह है कि तुम्हारे मोबाइल फोन के मेमोरी से वह फोटो डिलीट हो सकती है, लेकिन मेरे दिल के मेमोरी में बसे भोलेनाथ कभी डिलीट नहीं हो सकते, इसलिए भगवान शंकर को दिल में बसाकर रखो।

### प्रतिदिन होते हैं हमसे पाप

*कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा, कपड़ा रखने की पेटी होती है, मंदिर में दान रखने की पेटी होती है, सामान रखने की पेटी होती है लेकिन पाप को रखने के लिए कोई पेटी नहीं होती है। मनुष्य से प्रतिदिन पाप जरुर होता है। ऐसा कोई संसार में जन्मा नहीं है, जिससे पाप न हो। बिना सोचे समझे किए गए पाप को महादेव स्वीकार कर लेते हैं। दुनिया का कोई भी व्यक्ति यह कह दे कि मैं पापी नहीं हूं यह हो ही नहीं सकता। लेकिन शिव महापुराण, श्रीमद् भागवत कथा सुनने जाते हैं और इस दौरान अगर झुककर उन्हें प्रणाम करते हैं तो हमारा पाप धूल जाता है। अगर पापों को समाप्त करना है तो हमारे पास एक और स्थान है वह है-देवालय। हमारा पाप धीरे-धीरे समाप्त होता है पर होता जरूर है।*

### विश्वास पक्का है तो मिलेंगे शिव

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भरोसा और विश्वास अगर पक्का है तो शिव तुम्हें जरूर मिलेंगे, क्योंकि एक पत्ता भी उसके बगैर नहीं हिल सकता है। बस उसका भजन आपके मन में होना चाहिए। शास्त्र कहता है 24 घंटे भजन करो, या फिर 12 घंटे करो, यह नहीं हो सकता तो 6 घंटे करो, नहीं तो 3 घंटे करो, डेढ़ घंटे करो, एक घंटा करो, आधा घंटा करो, 15 मिनट करो, 5 मिनट करो। यह भी नहीं हो सकता तो एक मिनट तो करो, लेकिन यह भी नहीं हो सकता तो चुल्लू भर पानी में डूब मरो। 21 हजार 607 सांसें हमसे प्रतिदिन निकलती है, अगर भजन नहीं कर सकते तो यह सब बेकार है।

## कैंपस इवेंट

# रविवि में ऑनलाइन कैंपस प्लेसमेंट 5 छात्रों को 6.5 लाख का पैकेज



**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि में छात्रों के लिए ऑनलाइन कैंपस प्लेसमेंट रखा गया। यह प्लेसमेंट रविवि के एमबीए डिपार्टमेंट के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए रखा गया था। आईडीबीआई बैंक द्वारा जूनियर असिस्टेंट के पदों के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार लिया गया। 18 विद्यार्थी इसमें शामिल हुए। बैंक के नियमों के अनुसार, 5 छात्रों का चयन इसमें किया गया। इन विद्यार्थियों को 6.5 लाख का पैकेज सालाना प्रदान किया जाएगा। छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर वेतन में आगे वृद्धि भी हो सकती है। डॉ.जीके और एमबीए डिपार्टमेंट के निदेशक डॉ.एके श्रीवास्तव ने इस प्लेसमेंट का समन्वय किया।

### आईआईटी आज उपलब्ध कराएगा जेईई आंसर-की

जेईई एडवांस 2024 परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास की ओर से जेईई एडवांस 2024 आंसर की कल यानी 2 जून को डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दी जाएगी। आंसर-की जारी होते ही परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी आईआईटी मद्रास की ऑफिशियल वेबसाइट **jeeadv.ac.in** पर इसे डाउनलोड कर सकेंगे। उत्तर कुंजी के माध्यम से आप अपने प्रश्न उत्तरों का मिलान करने के साथ ही रिजल्ट का अनुमान बीच लगा सकेंगे। जेईई एडवांस 2024 आंसर की द्वारा प्रश्न उत्तरों के मिलान के दौरान अगर कोई अभ्यर्थी किसी आंसर से संतुष्ट नहीं होता है तो वे तय तिथियों में उस पर आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। आंसर-की पर कमेंट या फीडबैक 3 जून तक दर्ज किया जा सकेगा।

## एजूकेशन अपडेट

# व्यापम ने जारी किए प्री बीएड पीएटी के प्रवेशपत्र, पर्चे 9 को




**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत 9 जून से होगी। इसके पहले एक जून को व्यापम ने प्री एग्रीकल्चर टेस्ट अर्थात पीएटी, पीवीपीटी, प्री बीए-बीएड तथा प्री बीएससी-बीएड के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। ये परीक्षाएं 9 जून को होंगी। इसके साथ ही व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत हो जाएगी, जो 14 जुलाई तक चलेगी। परीक्षा केंद्र, समय सहित सहित अन्य सभी जानकारियां प्रवेशपत्र में अंकित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक छात्र इसे डाउनलोड कर सकते हैं। संबंधित अधिसूचना व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### 1.30 घंटे पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र में

अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व केंद्र में पहुंचना होगा। व्यापम ने प्रवेश पत्र अपने दोनों वेबसाइट पर जारी किए हैं। साथ ही चिप्स की वेबसाइट पर भी प्रवेश परीक्षाओं के एडमिड कार्ड उपलब्ध हैं। व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों को उनके रजिस्ट्रेड मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस भी भेजा जाएगा। वे इसमें क्लिक करके अपना प्रवेशपत्र प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र अथवा अन्य किसी तरह की समस्या के लिए व्यापम द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। छात्र व्यापम की हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 अथवा 82698-01982 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सिटी इवेंट

# बेहतर तकनीकी शिक्षा के लिए अपडेशन आवश्यक



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज शनिवार को विकसित भारत में शिक्षा का महत्व पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकगण, शोधकर्ता और छात्र शामिल हुए। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य भारत के विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श रहा। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल रहे। मुख्य वक्ता के रुप में एमिटी यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रो. प्रसाद कोला के साथ रविवि के प्रोफेसर राजीव चौधरी उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ.एमएस मिश्रा ने विकसित भारत में शिक्षा का महत्व परिकल्पना पर अपने विचार प्रस्तुत किए। गुरुकुल प्रणाली अपनाने तथा भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने छात्रों को प्रेरित किया गया।

### शिक्षा प्रणाली में सुधार पर जोर

कुलपति ने भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. प्रसाद कोला ने शिक्षा प्रणाली में सुधार, गुणवत्ता व तकनीकी शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. राजीव चौधरी ने शरीर, मन और आत्मा के कार्य तथा उसके महत्व पर उद्देश्यपूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय संगोष्ठी के सभी सत्र ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों ही मोड पर आयोजित किए गए थे, जिसमें 150 से भी ज्यादा प्रतिभागी जुड़े। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण तथा अन्य महाविद्यालय से आए प्रतिभागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन डॉ. श्वेता तिवारी ने किया।

**पर्यावरण प्रेमी ग्रुप बनाकर संवार रहे गार्डन, एकजुटता की पेश की मिसाल**

# ग्रुप बनाकर उद्यानों में ला रहे हरियाली, बच्चों संग बुजुर्गों को दे रहे प्राकृतिक माहौल, उठाया सफाई और देखभाल का जिम्मा

पर्यावरण प्रेमी खुद का शौक पूरा करने के साथ ही हर वर्ग के लोगों को उद्यानों से जोड़ने के लिए के लिए अलग-अलग ग्रुप बनाकर जनभागीदारी से हरियाली कायम रखने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह प्रयास करते हुए वे पॉश कॉलोनी में रहने वालों को प्रकृति के बीच समय बिताने प्रेरित कर रहे हैं।

**रायपुर।** प्राकृतिक माहौल में बच्चों व युवाओं को खेल का वातावरण देने के साथ ही बुजुर्गों को बापू की कुटिया में गीत-संगीत का माहौल भी दे रहे हैं। उद्यान हरियाली से गुलजार रहे, इसके लिए श्रमदान की साफ-सफाई व देखभाल कर रहे हैं, ताकि लोग उद्यानों की ओर आकर्षित हों। गर्मी में हरियाली के बीच लोग सुकून पा सकें, इसके लिए कई कॉलोनियों में रहने वाले लोग जनभागीदारी से उद्यानों को संवारने का काम शासन-प्रशासन व निगम के भरोसे छोड़ने की बजाय खुद निभा रहे हैं। इसमें आस-पास रहने वाले लोग छुट्टी के दिन श्रमदान भी करते हैं, ताकि आने वाले हर वर्ग को मनोरंजन के लिए माहौल मिल सके। इसमें बच्चों के लिए किसी ने झूले लगवाए तो किसी ग्रुप ने उद्यान में ही नेट प्रैक्टिस के लिए टर्फ क्रिकेट पिच बनवाया है। कई उद्यानों में ओपन स्पेस खेलने के लिए छोड़ा गया है। गार्डन से लोगों का नाता बना रहे, इसलिए लिए आपसी तालमेल से उसे संवारने पर पैसा भी खर्च करते हैं। यहां योग के लिए ही नहीं बल्कि ओपन जिम की सुविधा का लाभ उठाने के लिए भी सुबह-शाम लोग आते हैं। इससे उद्यानों में अरसे से लोगों का सरोकार बना हुआ है। महिलाएं भी उद्यान में सुकून की उम्मीद से बच्चों के साथ इन सुबह-शाम पहुंचती हैं।





### 15 हजार हर महीने खर्च

कटोरा तालाब से सटे पंजाबी कॉलोनी में रहने वाले नागरिक जनभागीदारी से गोपी चंदानी गार्डन को संवारने की जिम्मेदारी विगत 5 साल से निभा रहे हैं। इसे विकसित करने की जिम्मेदारी निभाने वाले नंदू छबलानी, परसराम माखीजा, संजय छाबड़िया निभा रहे हैं। निगम ने हर वर्ग के लोगों को सुविधा देने के लिए जरूरी काम करवाने के बाद इसकी जिम्मेदारी संयुक्त रूप से बनाए गए ग्रुप को दे दिया है। इस गार्डन में करीब एक हजार विभिन्न तरह के छोटे-बड़े पेड़, पौधे रोपे गए हैं। हरियाली कायम रहे, इसके लिए माली और सुरक्षा के लिए चौकीदार भी रखा है। इनको हर महीने करीब 15 हजार रुपए वेतन भी देते हैं। गार्डन में बापू की कुटिया में बुजुर्गों को गीत-संगीत व मनोरंजन की सुविधा देने के लिए जरूरी सामान ग्रुप के लोग उपलब्ध करवा रहे हैं।





### देवकी बाल उद्यान बचाने श्रमदान

सुभाष नगर के प्रोफेसर कॉलोनी में जहां 25 साल पहले लोग कचरा फेंकते थे। वहीं नरेन्द्र कुमार ठोकने, बंटी सिंह, डीएन चौधरी व बसंती खलसिया के प्रयास से निगम ने बाउंड्री करवाने के बाद जरूरी काम करवाया। इसके बाद से कॉलोनी में रहने वाले परिवार के लोग जनभागीदारी व श्रमदान से देवकी बाल उद्यान को संवारने का काम कर रहे हैं। इसमें हरियाली के लिए पाम, बादाम, मुनगा, पपीता, नीम जैसे कई पौधे रोपे गए हैं। जो समय के साथ बड़ा रूप ले चुके हैं। गार्डन सांस्कृतिक प्रोग्राम के लिए ओपन स्टेज भी बनाया गया है। इसमें लोग योग और मार्निंग वॉक के लिए भी पहुंचते हैं। बच्चों को युवाओं को खेलने की सुविधा देने के लिए ओपन स्पेस भी छोड़ा गया है। जहां बच्चे एवं युवा सुबह-शाम खेलने के लिए भी रोज पहुंचते हैं।

### अटल उद्यान में हरियाली व टर्फ पिच

पचपेढ़ी नाका के पास स्थित एक पॉश कॉलोनी में रहने वाले सुनील पांडेय अपने साथ 25 से 30 लोगों की भागीदारी से अटल उद्यान को संवार रहे हैं। इस गार्डन में ओपन जिम, योग के साथ ही युवाओं को क्रिकेट की नेट प्रैक्टिस के लिए टर्फ व सीमेंटेड पिच भी बनवाया है। सोलर पैनल से रोशन होने वाले इस गार्डन में दर्जनों औषधीय पौधे और विभिन्न तरह के फूलों की क्यारी भी सजाने की जिम्मेदारी माली को दी गई है। बेहतर रख-रखाव एवं सुरक्षा के लिहाज कैमरे भी लगाए गए हैं। सुनील पांडेय के साथ कॉलोनी में रहने वाले कई कारोबारी, डाक्टर्स, पुलिस अधिकारी गार्डन में हरियाली बनाए रखने के लिए आर्थिक सहयोग भी करते हैं। इस गार्डन में सुबह व शाम के कॉलोनी में रहने वाले हर वर्ग के लोग सुकून का पल बिताने के लिए आते हैं।

# जमीनी स्तर पर जेंडर समानता ही आदर्श समाज किन्नरों के समक्ष आज भी रोजगार की दिक्कतें

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विवि के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा छग मितवा संकल्प समिति के सहयोग से एक दिवसीय संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर के प्रति संवेदनशीलता लाना तथा उभयलिंगी व्यक्ति अधिकारों के संरक्षण कानून 2019 तथा नियम 2020 के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यालय में समुदाय के व्यक्तियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा भी अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। समाजकार्य विभाग के प्राध्यापक एलएस गजपाल ने कहा, एक आदर्श समाज का निर्माण तभी हो सकता है, जब वहां पर सही मायने में जेंडर समानता की बात होती है। समाजकार्य विभाग के दो शोधार्थियों ने ट्रांसजेंडर विषय पर पीएचडी की है। मनोविज्ञान विभाग तथा महिला अध्ययन केंद्र डायरेक्टर प्रो.रीता वेणुगोपाल सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक तथा तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्ति उपस्थित रहे।

**महिला अध्ययन केंद्र के तत्वाधान में जुटे बुद्धिजीवी और ट्रांसजेंडर्स**





### विश्वविद्यालय ने सुरक्षा गार्ड के रूप में की है किन्नरों की नियुक्ति

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों भी सुलभ शिक्षा का लाभ प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। विश्वविद्यालय में तीन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सिक्योरिटी गार्ड के रूप में नियुक्ति की गई है तथा भविष्य में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की शिक्षा के लिए अनेक व्यवस्थाएं की जाएगी। आरोही ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों पर बात की। गीतू सोनबेर ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के वृद्धावस्था की समस्याएं तथा उसके समाधान पर बात की। खुशी ध्रुव ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के पारिवारिक मुद्दों, समायरा ने एजूकेशन, इंसिया मिली ने रोजगार से संबंधित समस्याओं पर बात की। किन्नर आवास गरिमा गृह के प्रोग्राम मैनेजर पापी देवनाथ ने ट्रांस व्यक्ति के जीवन से संबंधित चुनौतियां को अपने अनुभवों के साथ साझा किया।

### हां किन्नर हूं...

मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर परिषद की विशेषज्ञ रवीना बरीहा ने उभयलिंगी व्यक्ति अधिकारों के संरक्षण कानून 2019 व रूल्स 2020 के सभी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के इतिहास को बड़े ही सूक्ष्मता के साथ सब लोगों के समक्ष रखा। छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष विद्या राजपूत ने अपने उद्बोधन अपनी कविता हां किन्नर हूं से शुरुआत की। अपने वक्तव्य में विद्या राजपूत ने ट्रांसवीमन के जीवन से संबंधित समस्याओं को अपने जीवन के अनुभव के साथ जोड़कर सामने रखा। उन्होंने बताया कि स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रम में ट्रांसजेंडर विषय को सम्मिलित करना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने अनेक केस स्टडी के माध्यम से कार्यशाला में बताया कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की आजीविका और शिक्षा के संबंध में उचित कदम उठाने की आवश्यकता है।

# सभी रूपों में फायदेमंद आम यह आमजनों का खास फल





**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों के लिए 'द ग्रेट मैंगो फेस्टिवल' का आयोजन शनिवार को किया गया। यहां विविध प्रकार के आमों की प्रदर्शनी रखी गई। ना केवल आम बल्कि इससे बने विविध प्रकार के व्यंजन भी इस दौरान रखे गए। बड़ी संख्या में पत्रकारों ने विभिन्न प्रकार के आम के स्वाद का लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव रहे। उन्होंने इसे एक अभिनव पहल बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह और नगर निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा भी इसमें शामिल हुए। अतिथियों को किताब भेंट की गई।

रायपुर प्रेस क्लब में 'द ग्रेट मैंगो फेस्टिवल'

### आकर्षक सजावट ने मोहा

आम उत्सव में दशहरी, लंगड़ा, बैगन फली, कैसर, अलफंजों समेत दर्जनभर प्रकार के आमों आकर्षक तरीके से काटकर स्टॉल में सजाकर उपलब्ध कराया गया। आकर्षत तरीके से की गई सजावट ने सभी का मन मोह लिया। उपस्थित अतिथियों ने इस दौरान कहा कि आम सभी रूपों में फायदेमंद है। यह आमजनों का सबसे खास फल है। मैंगो शेक और आम पना की व्यवस्था भी थी। प्रेस क्लब के महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव अरविंद सोनवानी, तृप्ति सोनी सहित कार्यकारिणी सदस्य भी इसका हिस्सा बने।

**ज्येष्ठ माह की अमावस्या 6 जून को, शनि जयंती भी इसी दिन**

# ज्येष्ठ अमावस्या पर निर्मित होगा शिववास योग, इसी दिन रात्रि में धृति योग, स्नान-दान के लिए ये दोनों संयोग अत्यंत फलकारी

कार्नर न्यूज

ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में पितरों की पूजा करने से साधक को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। ज्योतिष गणना के अनुसार, 6 जून को ज्येष्ठ अमावस्या है। ज्येष्ठ अमावस्या तिथि की शुरुआत 5 जून को संध्याकाल 7 बजकर 54 मिनट पर होगी और 6 जून की शाम 6 बजकर 7 मिनट पर समाप्त होगी।



### देर रात 10.09 पर निर्मित होगा धृति योग

*ज्योतिषियों के अनुसार, ज्येष्ठ अमावस्या पर बन रहे दुर्लभ शिववास योग में भगवान शिव का अभिषेक करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही बिगड़ी किस्मत भी संवर जाती है। इस दिन शिववास योग संध्याकाल 6 बजकर 7 मिनट तक है। इस समय तक भगवान शिव, जगत जननी मां गौरी के साथ कैलाश पर विराजमान रहेंगे। ज्येष्ठ अमावस्या पर धृति योग का भी संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण देर रात 10 बजकर 09 मिनट तक हो रहा है। ज्योतिष धृति योग को भी बेहद शुभ मानते हैं। इस योग में भी दान किए जा सकते हैं।*

**रायपुर।** साधक 6 जून को स्नान-दान कर सकते हैं। प्रत्येक माह की अमावस्या तिथि पर स्नान-दान किया जाता है और सभी का विशेष महत्व होता है। गौरतलब है कि सनातन धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप और दान किया जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। गरुड़ पुराण में निहित है कि अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण और पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही व्यक्ति को पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पितरों के आशीर्वाद से सुख, समृद्धि और वंश में वृद्धि होती है। अतः अमावस्या तिथि पर साधक पितरों की भी पूजा करते हैं।

### 29 जून को वक्री होंगे शनि

न्याय के देवता शनिदेव व्यक्ति को उनके कर्मों के आधार पर अच्छा या बुरा फल प्रदान करते हैं। शनिदेव किसी भी राशि में धीमी गति से चलते हैं। वह एक राशि में कम से कम 2.5 साल रहते हैं, लेकिन अपने समय पर वह कुछ राशियों में वक्री भी होते हैं। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, शनिदेव इस समय कुम्भ राशि में विराजमान हैं। इसके साथ ही वह 29 जून को इस राशि में वक्री होने जा रहे हैं। शनि 15 नवंबर तक इसी राशि में उल्टी चाल चलेंगे। शनि की वक्री अवस्था को अशुभ माना जाता है। इस समय कुछ राशियों के जतकों को वित्तीय परेशानी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, कानूनी विवाद एवं पारिवारिक कलह जैसी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। शनिदेव की वक्री अवस्था के दौरान मेष, वृषभ, मकर तथा कुंभ राशि के लोगों को सावधान रहना होगा।

### पहले ही दिन से शुरू हुआ गोचर का सिलसिला

जून महीने के पहले ही दिन ग्रहों के सेनापति मंगल एक जून को अपनी राशि परिवर्तन कर मेष राशि में प्रवेश कर चुके हैं। शनिवार दोपहर 03:27 बजे मंगल का मेष राशि में प्रवेश हुआ। 2 जून को शाम 6:10 पर बुध ग्रह वृषभ राशि में अस्त हो जाएंगे। 3 जून को 3:21 बजे बृहस्पति ग्रह का वृषभ राशि में उदय होगा और यह काफी प्रभावशाली होगा। इन सभी गोचर का असर कई राशियों पर पड़ेगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजधानी के हिमांशु ने जंप रोप में बनाया विश्व रिकार्ड



**रायपुर।** छत्तीसगढ जंप रोप एसोसियेशन में राजधानी के अंतर्राष्ट्रीय जंप रोप खिलाड़ी हिमांशु कश्यप ने दिल्ली के जोरावर सिंह का रिकार्ड जो आज से तीन वर्ष पूर्व बना था उसे तोड़ दिया है। जोरावर सिंह ने रोलर स्केटिंग पहनकर जंप करके यह रिकॉर्ड बनाये थे। उस समय दोनो पैर का काउंट करके 132 था जो उन्होंने 16 अक्टूबर 2018 को दर्ज किया था। इसके पूर्व यह रिकार्ड रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय जंप रोप खिलाड़ी राजदीप सिंह हरगोत्रा के नाम था। जो उन्होंने अगस्त 2011में बनाया था। हिमांशु ने राजदीप के 12 साल पुराना रिकार्ड एवं जोरावर के 5 साल पुराना रिकार्ड को ध्वस्त किया। यह उपलब्धि हिमांशु ने 2023 में ही हासिल कर ली थी पर उसका प्रमाण गिनीज कार्यालय से अब प्राप्त हुआ है।

### राज्य शतरंज चयन स्पर्धा का आगाज 7 जून को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के



मार्गदर्शन व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में पिथौरा में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला-पुरुष का छत्तीसगढ़ राज्य फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा का आगाज होने जा रहा है। इस स्पर्धा में अब तक बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा, महासमुंद, राजनांदगांव, कोरबा, बलौदाबाजार, मुगेली, जशपुर,कवर्धा,बालोद,रायगढ़, दंतेवाड़ा और अंबागढ़ चौकी से 80 खिलाड़ियों ने पंजीयन करा लिया है। जांजगीर-चांपा ,बैकुंठपुर कोरिया,बलरामपुर व मनेंद्रगढ़ जिले से भी जिला इकाइयों ने जिला चयन स्पर्धा कराकर खिलाड़ी भेजने की जानकारी दी है। उक्त स्पर्धा में 100 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी। 3 जून रात्रि 9 बजे तक खिलाड़ी 250 रुपए विलम्ब शुल्क के साथ स्पर्धा के लिए अपनी प्रविष्टि ऑनलाइन जमा कर सकते है। स्पर्धा में हिस्सा लेने हेतु सभी खिलाड़ियों का राज्य व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन का जीवित पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के कुशल निर्देशन में आयोजन समिति गठित कर ली गई है जिसमें अनीश अंसारी अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक को चीफ आर्बिटर, टेक्निकल हेल्प हेतु,रॉकी देवांगन, आवास व्यवस्था संजय श्रीवास्तव, कमरा एलॉटमेंट लोकनाथ पटेल, पंजीयन कक्ष यशवंत चौधरी,कार्यक्रम संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत,मंच संचालन बीजू पटनायक,अतिथि स्वागत डॉ डी एन साहू, एआइसीएफ व सीजीएससीए रजिस्ट्रेशन हेतु ओमप्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी राज्य सचिव हेमन्त खुटे से संपर्क कर सकते हैं। स्पर्धा में जिले के बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए अग्रसेन भवन में रुकने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया पिथौरा अंचल में शतरंज का बेहतर माहौल व शतरंज के अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से जिला शतरंज संघ द्वारा नाइट चेस क्लब का शुभारंभ खेल मैदान के सामने 7 से 10 जून के दरमियान किया जाएगा। जिसका उदघाटन शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी व शतरंज पहेली के स्तंभकार एम चंद्रशेखर करेंगे।

### बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में एयू ने दर्ज की दूसरी जीत

**रायपुर।** अंतर विश्वविद्यालय पुरुष बॉल



बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 31 मई से 3 जून तक जेप्पियार यूनिवर्सिटी चेन्नई तमिलनाडु में जारी है। अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कोच सूरज नायक ने बताया कि विवि की टीम का दूसरा मुकाबला गोडवाना विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के साथ हुआ। जिसमें एयू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुऐ जीत दर्ज की। मैच का पहला सेट बिलासपुर विश्वविद्यालय ने 35- 26 से अपने नाम किया, फिर दूसरे सेट में गोडवाना विश्वविद्यालय को फिर 35- 20 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। इसके साथ एयू की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। बिलासपुर यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी राहुल यादव, गिरिश कश्यप, विष्णु यादव ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।टीम के शानदार प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए.डी.एन बाजपायी, कुलसचिव शैलेंद्र दुबे, शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. प्रमोद तिवारी ने शुभकामनाएं दी ।

डॉक्टर से जानिए इस समस्या के लक्षण और बचाव के तरीके

# गर्मी के कारण बढ़ रहे हैं ड्राई आइज के मामले, रहें सावधान और सतर्क

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी ने सेहत के लिए कई सारी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। उच्च तापमान में अधिक समय तक रहने के कारण हीट स्ट्रोक का तो जोखिम रहता ही है साथ ही इसका शरीर के कई अंगों पर भी नकारात्मक असर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मी और लू के कारण होने वाली समस्याओं से बचाव करते रहना जरूरी है। गंभीर स्थितियों में ये कई अंगों को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है साथ ही इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है।

प्रख्यात नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी बताते हैं, उच्च तापमान के कारण आंखों से संबंधित समस्याओं के बढ़ने का खतरा देखा जाता रहा है। अधिक गर्मी और शुष्क हवाएं आपकी आंखों के लिए नुकसानदायक हैं। अस्पतालों में इन दिनों आंखों में लालिमा, दर्द, जलन और एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस के मामले भी बढ़े हैं। इतना ही नहीं उच्च तापमान आंखों में सूखेपन यानी ड्राई आइज की समस्या को भी बढ़ाने वाली हो सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।




### बढ़ती गर्मी का आंखों पर असर

बढ़ती गर्मी आंखों के लिए कितनी खतरनाक है इस बारे में डॉ. भावनानी कहते हैं, गर्मियों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाव करते रहना तो जरूरी है ही साथ ही आंखों की सेहत को लेकर भी सावधानी बरतनी चाहिए। गर्मियों के दौरान, न केवल त्वचा बल्कि आंखों को भी यूवी किरणों से बचाने की जरूरत होती है। थोड़ी सी असावधानी के कारण आंखें में लालिमा, खुजली, जलन जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। गर्मियों में ड्राई आइज सिंड्रोम के मामले भी अधिक देखे जाते रहे हैं।

### ड्राई आई सिंड्रोम का जोखिम

डॉ. भावनानी बताते हैं, बहुत ज्यादा गर्मी और सर्दी दोनों ही आंखों के लिए नुकसानदायक है। ये आंखों में सूखेपन के खतरे को बढ़ा देती है। ड्राई आई की समस्या तब होती है जब आपकी आंखें नम रहने के लिए पर्याप्त आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती है। इन स्थितियों में आपकी आंखें असहज महसूस करती हैं और कुछ मामलों में यह दृष्टि संबंधी समस्याएं भी पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इस समस्या का उचित इलाज न किया जाए तो इसके कारण धुंधला दिखाई देने और आंखों की रोशनी कम होने का भी खतरा हो सकता है।



### कैसे करें ड्राई आइज की समस्या की पहचान?

ड्राई आइज के कारण आंखों में कई तरह की दिक्कतें होने लगती हैं। गर्मियों में धूप के कारण आपकी आंखों में चुभन, जलन या खुजली होने लगती है, इसके अलावा कुछ लोगों को प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता का भी खतरा हो सकता है। इसके अलावा कुछ अन्य लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना और समय पर इसका उपचार प्राप्त करना आवश्यक



माना जाता है। आंखों का लाल रहना।आंखों में कुछ होने का एहसास।रात में गाड़ी चलाने में कठिनाई।आंखों से अक्सर पानी आना, आंखों में जलन बने रहना। धुंधला दिखाई देना या आंखों में अक्सर थकावट का एहसास होते रहना।

### ड्राई आइज की समस्या से कैसे बचें?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भावनानी बताते हैं, गर्मी के कारण निर्जलीकरण होने का जोखिम रहता है जिससे आंसू का उत्पादन भी कम हो जाता है। इस तरह के जोखिमों से बचे रहने के लिए सुनिश्चित करें कि आप पूरे दिन खूब पानी पीते रहें। इसके अलावा एयर कंडीशनर के सीधे संपर्क में रहने से भी बचना जरूरी है। ये आपकी आंखों को सूखा बना सकती है। आहार को ठीक रखना, ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन्स से भरपूर चीजों का अधिक सेवन करना भी आंखों को स्वस्थ रखने और गर्मी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने में मददगार है।



## जून में छुट्टियां और लॉन्ग वीकेंड जानकर बनाएं घूमने का प्लान

गर्मी का महीना है। इस महीने को छुट्टियों का महीना कहना गलत नहीं होगा। स्कूल-कॉलेज जून में बंद होते हैं, इस कारण बच्चों को गर्मियों की छुट्टियां मनाने का मौका मिल जाता है। हालांकि लगभग दो महीने की गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे घर पर बोरियत महसूस करने लगते हैं। पहले के दौर में तो बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में नानी-दादी के घर जाया करते थे, लेकिन अब वह फैमिली ट्रिप पर जाने की जिद करते हैं।

माता पिता भी इस गर्मी और उमस में किसी ठंडी और शांत जगह पर परिवार के साथ कुछ यादगार और मनोरंजक पल बिताने के लिए हिल स्टेशनों की सैर करना पसंद करते हैं। हालांकि बच्चों की तरह नौकरीपेशा अभिभावकों के दफ्तर में गर्मियों की छुट्टियां नहीं मिलती, उन्हें तो अवकाश या किसी पर्व व त्योहार की छुट्टी का ही इंतजार करना होता है। जून के महीने में कब छुट्टी मिल रही है और इस माह कितने लॉन्ग वीकेंड हैं, ये जानकर आप भी बच्चों और पार्टनर के साथ घूमने की योजना बना सकते हैं।

### जून में कितनी छुट्टियां

इस महीने बहुत अधिक छुट्टियां नहीं हैं। त्योहार के नाम पर तो जून में बड़ा मंगल का पर्व मनाया जाता है। हालांकि इस पर्व की छुट्टी नहीं मिलती। जून के महीने में सिर्फ एक ही दिन का अवकाश मिल रहा है। 17 जून, दिन सोमवार को बकरीद की छुट्टी है। इस मौके पर ट्रिप पर जा सकते हैं। खास बात ये है कि बकरीद में दो से तीन दिन की छुट्टी घूमने के लिए मिल रही है।



### जून में लॉन्ग वीकेंड

जून में घूमने के लिए बकरीद से पहले वीकेंड मिल रहा है। 15 जून से लॉन्ग वीकेंड का लुत्फ उठा सकते हैं। 15 और 16 जून को शनिवार व रविवार की छुट्टी है, वहीं अगले दिन बकरीद की छुट्टी मिल जाएगी। ऐसे में तीन दिन के अवकाश पर आप किसी खूबसूरत और कम तापमान वाली जगह पर घूमने जा सकते हैं। इसके अलावा जून में दो दिन के वीकेंड ट्रिप पर 1 और 2 जून को, 8 और 9 जून को, 22 और 23 जून को एवं 29-30 जून को जा सकते हैं। दो दिन में पास के किसी हिल स्टेशन पर आसानी से और कम पैसों में घूम कर आया जा सकता है।

### जून में घूमने के लिए बेस्ट जगहें

घूमने के लिए बहुत अधिक छुट्टियां नहीं हैं तो हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों की सैर पर जा सकते हैं। इन दिनों लगभग 40 डिग्री से अधिक तापमान है, ऐसे में हिमाचल प्रदेश के कई हिल स्टेशनों पर मौसम ठंडा हो सकता है। आप कसोल, कुफरी, मनाली, लैंसडाउन और धर्मशाला घूमने जा सकते हैं। यहां अद्भुत प्राकृतिक नजारों के बीच एडवेंचर एक्टिविटीज का लुत्फ उठा सकते हैं या शांत माहौल में खुशनुमा वक्त बिता सकते हैं।

### कश्मीर की वादियों के बीच मनाएं छुट्टियां

जम्मू कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। कश्मीर का लगभग हर शहर अपने आप में पर्यटन स्थल हैं। श्रीनगर से गुलमर्ग और पहलगाम से सोनमर्ग तक घूमने जा सकते हैं। यहां की हरियाली, खूबसूरत वादियां, झीलें और सुंदर प्राकृतिक दृश्य जितने मनमोहक हैं, उतना ही यहां का तापमान गर्मियों में सुकून दिलाने वाला है।



## गर्मियों में दूध से तैयार करें झटपट रेसीपीज, स्वाद के साथ ठंडक भी



दूध को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ये कहावत सच भी हैं कि दूध पीने से ताकत आती है। डाक्टर्स भी अधिकतर मामलों में दूध पीने की सलाह देते हैं। दूध के महत्व से सभी को जागरूक करने और डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है।

गर्मियों का मौसम है। इस मौसम में खुद को तरोताजा और ताकतवर बनाए रखने के लिए दूध की कुछ रेसिपी बनाकर उनका सेवन किया जा सकता है। इससे शरीर को दूध के जरिए मिलने वाला पोषण, स्वाद और गर्मी में ठंडक का अहसास हो सकता। इस लेख में गर्मियों में दूध से तैयार होने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में बताया जा रहा है।

**मिल्क शेकः** बच्चों को दूध भले ही पसंद न हो, लेकिन गर्मियों में शेक जरूर पसंद आ सकता है। आप मिल्क शेक, मैंगो शेक, बनाना शेक या बच्चे के पसंदीदा फ्लेवर का शेक बना सकते हैं। मिल्क शेक बनाने के लिए कोई भी फल या चॉकलेट पाउडर, थोड़ी चीनी, ठंडा दूध, और आइस क्यूब की जरूरत होती है। इन सभी को अच्छे से मिक्स करके शेक बनाया जा सकता है। ऊपर से चेरी, ड्राई फ्रूट्स या आइसक्रीम से गार्निश कर सकते हैं।

**कोल्ड कॉफीः** किसी रेस्तरां में कोल्ड कॉफी पर आप पैसे खर्च कर देते हैं। बाजार जैसी कोल्ड कॉफी घर पर ही बनाकर पीएं। इसमें दूध, चीनी, कॉफी और चॉकलेट पाउडर का इस्तेमाल करें। आइस क्यूब मिलाकर मिक्सर में अच्छे से शेक कर सकते हैं। इससे झागदार कोल्ड कॉफी बनकर तैयार हो जाएगी।

**ठंडाईः** गर्मियों में ठंडी-ठंडी ठंडाई मिल जाए तो मजा ही आ जाए। ठंडाई की सामग्री आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। आपको बस इस सामग्री को दूध में मिलाकर, चीनी और रोज सिरप मिलाकर ठंडाई बना सकते हैं।

**दूध का शरबतः** तरबूज के बीज निकालकर उसे पीस लें। अब तरबूज के जूस को दूध में मिलाएं। चीनी और थोड़ा सा रुआवजा मिलाकर दूध और तरबूज वाला मुहब्बत का शरबत बना सकते हैं।

## शादी के बाद पहली बार रख रही हैं वट सावित्री व्रत तो ऐसे हों तैयार



हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह का काफी महत्व है। दरअसल, इस महीने में कई ऐसे त्योहार आते हैं, जो लोगों की जिंदगी में ढेरों खुशियां लाते हैं। इसी क्रम में हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं। ये व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए काफी अहम होता है। वट सावित्री का व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। इस साल ये तिथि 6 जून को पड़ रही है। ऐसे में महिलाओं ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

अगर शादी के बाद आप पहली बार वट सावित्री व्रत रख रही हैं तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको पहले व्रत के लिए तैयार होने के टिप्स बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस खास दिन को और खास बना सकें। अगर आप स्पेशल तरीके से तैयार होकर अपने पति के सामने जाएंगी, तो वो आपकी नजर उतारने से खुद को रोक नहीं पाएंगे।

**पहनें शादी का लहंगा :** शादी के दिन की यादों को ताजा करने के लिए अपने पहले वट सावित्री व्रत में अपनी शादी का ही लहंगा पहनें। इससे आप दोनों के बीच करीबी और ज्यादा बढ़ेगी। जब आपके पति आपको शादी के जोड़े में देखेंगे तो वो उनकी नजरें आप पर से हटेंगी नहीं।

**शादी की ज्वेलरी दिखेगी खासः** अपनी शादी में फेरों के वक्त आपने जो ज्वेलरी पहनी थी, उसे ही शादी के लहंगे के साथ पहनें। उसमें आपका लुक निखर कर सामने आएगा। शादी की हर एक चीज के साथ काफी अलग और खास कनेक्शन होता है, ऐसे में शादी के लहंगे के साथ ज्वेलरी भी वही पहनें।

**करें 16 श्रृंगारः** ये व्रत सुहागिनों का होता है। ऐसे में इस दिन तैयार होते वक्त पूरे 16 श्रृंगार करके ही अपने पति के सामने जाएं।

# बेटा हो या बेटी, अभिभावक के लिए हर बच्चे का होता है कर्तव्य

किसी भी परिवार की नींव माता पिता पर निर्भर होती है। अभिभावक प्रेम, समर्पण, त्याग और करुणा का प्रतीक होते हैं। आप भी माता पिता के लिए खास दिन मनाना चाहते हैं तो बतौर बच्चे अपने कर्तव्यों के बारे में जान लें। आप चाहे बेटा हों या बेटी, माता पिता के लिए आपके कुछ कर्तव्य और जिम्मेदारी हैं, जिन्हें आपको पूरा करना चाहिए।

### सम्मान करें

सबसे बड़ा कर्तव्य तो है कि बच्चों के मन में माता पिता के लिए सम्मान की कमी नहीं होनी चाहिए। हर अभिभावक ये उम्मीद करता है कि उनका कितना भी बड़ा क्यों न हो जाए, लेकिन उसकी नजरों में माता पिता के लिए आदर हो। आपको वो आदर बनाकर रखना चाहिए, ताकि अभिभावक आत्मसंतुष्ट रहें।

### सहयोग करें


बच्चे के जन्म के बाद माता पिता उसकी हर जरूरत और इच्छा को बिना कहे जानकर उसे पूरा करते हैं। अबोध बालक



के रोने मात्र से मां समझ जाती है कि बच्चा भूखा है या उसे कुछ परेशान कर रहा है। वहीं माता-पिता जब बूढ़े होते हैं और शारीरिक तौर पर कमजोर होते हैं तो उनकी निर्भरता बच्चों पर बढ़ जाती है। ऐसे वक्त पर माता पिता का सहयोग करना, उनकी मदद करना हर बच्चे का कर्तव्य है। यह सहयोग शारीरिक तौर पर भी हो सकता है और आर्थिक तौर पर भी। माता पिता का सहारा बनना आपका कर्तव्य है।

### स्वास्थ्य का ख्याल

अभिभावक अपनी सेहत से पहले बच्चे की चिंता करते हैं। नवजात शिशु जब देर रात तक सोता नहीं, तो अपनी नींद खोकर माता पिता उसके साथ जगते हैं। उनकी नींद पूरी नहीं होती, थकान और तबियत खराब होने लगती है। हालांकि वह अपने स्वास्थ्य की चिंता किए बिना बच्चे की सेहत का ध्यान देते हैं। बच्चा जब समझदार होने लगे तभी से उसे अपनी मां की थकान और पिता के पैर दर्द को समझकर उनको आराम देना चाहिए। उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों की ही होती है।









फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## जेम्स कैमरून को तगड़ा झटका, अधर में 950 मिलियन डॉलर स्टूडियो का भविष्य



जेम्स कैमरून और अन्य बड़े नामों द्वारा समर्थित 950 मिलियन डॉलर के यूके फिल्म स्टूडियो की योजना की अनुमति से इनकार कर दिया गया है। बकिंघमशायर काउंसिल ने अपने योजना अधिकारियों की एक सिफारिश का समर्थन किया कि मार्लो फिल्म स्टूडियो की योजनाओं को अस्वीकार कर दिया जाए। अभियान समूहों ने पहले तर्क दिया था कि मार्लो खदान क्षेत्र की योजनाएं अनुपयुक्त थीं और इस क्षेत्र में विकास महीनों से विवादास्पद साबित हुआ है। मार्लो टाउन काउंसिल के नेता ने पहले कहा था कि वह और साथी सदस्य परियोजना के कथित समर्थन के लिए अपमानजनक दुर्व्यवहार प्राप्त करने के बाद कानूनी सलाह ले रहे थे। मार्लो फिल्म स्टूडियोज के मुख्य कार्यकारी रॉबर्ट लेकॉक ने मीडिया को बताया कि वह अगले कदमों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमें निराशा है कि समिति इस असाधारण प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर पाई। यह बकिंघमशायर और उसके निवासियों के भविष्य में सबसे महत्वपूर्ण निवेश अवसरों में से एक है।' फिल्म और हाई-एंड टीवी बूम के बीच यूके में वर्तमान में बनाए जा रहे कई स्टूडियो में से एक स्टूडियो को कैमरून, सैम मेंडेस और एंडी सर्किस जैसे लोगों का समर्थन प्राप्त था। टाइटैनिक निर्माता कैमरून ने कई सप्ताह पहले योजनाओं के समर्थन में परिषद को एक पत्र लिखा था। साथ ही मार्लो को लाइटस्टॉर्म3डी के लिए एक संभावित आधार और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में पेश किया था।

पिछले कुछ वर्षों में पूरे ब्रिटेन में बड़ी संख्या में नए फिल्म और टीवी स्टूडियो उभर रहे हैं और मार्लो सबसे महंगे स्टूडियो में से एक था। जेम्स कॉर्डन का फुलवेल 73 दूसरे नंबर पर है। हालांकि, इस 950 मिलियन डॉलर के यूके फिल्म स्टूडियो को योजना की अनुमति नहीं मिली है, जिसके बाद रॉबर्ट लेकॉक अपने अगले कदम पर विचार कर रहे हैं।

टॉलीवुड

## सूर्या की 'कंगुवा' पर आया बड़ा अपडेट, रिलीज पर निर्देशक ने कह दी बात



सुपरस्टार सूर्या की आगामी फिल्म 'कंगुवा' काफी चर्चा में है। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म में सूर्या बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर लगातार हाइप बनी हुई है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के निर्देशन की बागडोर सिरुथाई शिवा संभाल रहे हैं। हाल में ही एक इवेंट के दौरान उन्होंने अपनी इस फिल्म को लेकर बात की है। 'कंगुवा' में सूर्या बेहद अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। फिल्म के निर्देशक सिरुथाई शिवा ने अब तक मसाला एंटरटेनर फिल्में ही बनाई हैं। पहली बार वह अपने करियर में इस तरह के किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। हाल में ही फिल्म के निर्देशक एक इवेंट में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने अपनी आगामी फिल्म को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, ₹फिल्म बहुत अच्छी बनी है। अब तक इसे देखने वाले सभी लोगों ने कहा है कि फिल्म वाकई में अच्छी है। हम दर्शकों को कंगुवा दिखाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल मैं यही अपडेट दे सकता हूं।₹ बता दें कि 'कंगुवा' की रिलीज का सिनेप्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सूर्या बेहद अलग अवतार में नजर आने वाले है। फिल्म को लेकर अब तक जितनी भी जानकारियां सामने आई हैं, उससे फिल्म को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। दर्शकों की तरफ से फिल्म के पोस्टर्स को भी सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ऐसे में अभिनेता के फैंस का मानना है कि 'कंगुवा' बड़ी हिट साबित होगी और इससे वह भी ज्यादा कमाई करने वाले सितारों की लिस्ट में शामिल हो जाएंगे। 'कंगुवा' एक पीरियड एक्शन फिल्म है, जिस वजह से इसमें सीजीआई का काफी ज्यादा प्रयोग किया गया है।

भोजपुरी

## बन रही मेरी बेटी मेरा अभिमान फिल्म, दर्शकों को आएगी पसंद



बी फॉर मोशन पिकचर्स विथ हाईक की भोजपूरी फिल्म 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' की शूटिंग इन दिनों उत्तर प्रदेश के जौनपूर में जोर शोर से चल रही है। इसका निर्माण जहां प्रोडयूसर संदीप सिंह ओर अरविन्द पाण्डेय कर रहे है। वहीं संजीव बोहारपी इसका डायरेक्शन कर रहे है। फिल्म के निर्माता ने बताया कि 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' फिल्म में प्रमुख भूमिका भोजपूरी फिल्मों की सुपर एक्ट्रेस अंजना सिंह, पंकज मेहता, पुष्पेन्द्र राय, गोलू तिवारी के साथ ही छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों के जाने माने एक्टर ललित उपाध्याय, कंचन मिश्रा, संजीव मिश्रा, सोनिया मिश्रा, गोराशी शर्मा, सोनाली मिश्रा, रिशु पांडे, नन्हें श्रीवास्तव के अलावा भोजपूरी फिल्मों के और कई प्रसिद्ध अभिनेता इसमें अपने अभिनय का जलवा दिखा रहे है। इसका कथा, पटकथा, संवाद अरविंद तिवारी, कला संजय कुमार का है। इसके गीतकार अरविंद तिवारी, और संगीत साजन मिश्रा का है तो इसके कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी, सोनी प्रीतम है और सभी सीन को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य भोजलीवुड के प्रसिद्ध कैमरामैन विजय मंडल कर रहे है।

जियोर्जियो की बहार




एम्पोरियो अरमानी स्प्रिंग समर 2024 महिला फैशन शो ने दर्शकों में मन में एक अमिट छाप छोड़ी। यहां इतालवी डिजाइनर जियोर्जियो का कलेक्शन खास तौर पर काबिले गौर रहा। एम्पोरियो अरमानी फैशन शो के अंत में रनवे पर मॉडलों के साथ पोज देते हुए जियोर्जियो बेहद उत्साहित नजर आए।

## धूप से चेहरे पर आया कालापन तो टमाटर से बने इन फेस पैक का करें इस्तेमाल

नौतपा की वजह से कई राज्यों में आसमान से आग बरस रही है। लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हुआ जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो इस साल गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी लगातार लोगों तो सचेत रहने की सलाह दे रहा है। इस भीषण गर्मी की वजह से न सिर्फ लोगों की सेहत खराब हो रही है, बल्कि इसका खराब असर लोगों की त्वचा पर भी दिखने लगा है।

धूप से लोगों का चेहरा काला पड़ रहा है। इससे बचने के लिए लोग पार्लर जाकर कई प्रकार के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। अगर आपका चेहरा भी धूप से काला पड़ रहा है और आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है तो आप घर पर ही टमाटर से इस्तेमाल से चेहरे के कालेपन से छुटकारा पा सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको टमाटर की मदद से फेस पैक बनाना सिखाएंगे, ताकि आपका चेहरा भी चमक सके।



### टमाटर, नींबू और चंदन

ये तीनों ही चीजें हर घर में आसानी से मिल जाती हैं। इससे पैक बनाने के लिए एक कटोरी में तीनो चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करक पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं और कुछ समय के बाद इसे पानी से साफ कर लें।

### टमाटर, दूध और एलोवेरा

इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में टमाटर मैश करके डालें। इसके बाद इसमें दूध और एलोवेरा जेल मिलाएं। 15 मिनट इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर इसका असर देखें।

### टमाटर और एवोकाडो

एवोकाडो भले ही महंगा आता है लेकिन अगर आप इसका इस्तेमाल स्किन केयर में करेंगे, तो इससे आपकी त्वचा खिल उठेगी। इसके लिए बस टमाटर और एवोकाडो को मैश करके चेहरे और गर्दन पर लगाएं और इस पैक का असर देखें।

### टमाटर और बेसन

बेसन तो हर रसोई में मिल ही जाता है। ऐसे में सबसे पहले एक कटोरी में टमाटर को मैश करके लें।

## गर्मियों में खूब जचती है शिफॉन की साड़ी, मन भाएंगे खूबसूरत कलेक्शन




गर्मी के मौसम में खासतौर पर परेशानी उन महिलाओं के सामने आती है, जिनके लिए साड़ी पहनना अनिवार्य होता है। इसके अलावा बहुत सी महिलाएं ऑफिस में भी साड़ी पहन कर जाना पसंद करती हैं। ऐसे में आप चाहे तो शिफॉन की साड़ी गर्मी में पहन सकती हैं। यह साड़ी काफी हल्की होती है और इसे कैरी करना भी आसान होता है।

अगर शिफॉन की साड़ी पहनकर आप कहीं जाएंगी तो आपका लुक भी अलग दिखेगा। कई अभिनेत्री के पास शिफॉन की साड़ी का बेहद खूबसूरत कलेक्शन है। तो चलिए आपको भी उनका कलेक्शन दिखाते हैं।



**आलिया भट्टः** आलिया भट्ट ने एक प्रमोशन के दौरान खूबसूरत से खूबसूरत शिफॉन की साड़ियां पहनी थीं। उन्हीं में ये गुलाबी साड़ी में शामिल है। ये शिफॉन की साड़ी देखने में बेहद खूबसूरत लग रही है। आप भी चाहें तो आलिया के कलेक्शन पर एक नजर डाल सकती हैं।

**अदिति राव हैदरीः** अपने रॉयल लुक की वजह से सुर्खियों में रहने वाली अभिनेत्री अदिति राव हैदरी का साड़ी लुक बेहद खूबसूरत है। ये ऑरेंज रंग की साड़ी देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ आप भी अलग रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

**कटरीना कैफः** कटरीना कैफ अक्सर साड़ी में अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनके पास साड़ियों का बेहद शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप भी चाहें तो उनके जैसी गुलाबी शिफॉन की साड़ी खरीद सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगी।

**रवीना टंडनः** अगर आप शिफॉन फैब्रिक में अलग ढंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो रवीना टंडन के जैसी फ्रिल वाली साड़ी एक बेहतरीन विकल्प है। ये देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने फुल स्लीव का ब्लाउज कैरी किया है।

**काजलः** साउथ की मशहूर अभिनेत्री काजल की ये ग्रे कलर की साड़ी देखने में कमाल की लग रही है। इस शिफॉन साड़ी के साथ उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है। खुले बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं।

## डिजाइनर चश्मे बदल देंगे स्टाइल

सनग्लासेस केवल धूप से ही नहीं बचाते, बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी देते हैं। ऐसे में इनके कुछ ट्रेंडी डिजाइन अपने एक्सेसरीज कलेक्शन में जरूर शामिल करें। गर्मी का मौसम आते ही चश्मों का बाजार गरमा जाता है। धूप और धूल से होने वाली एलर्जी से बचने के लिए ये चश्मे हमारा सहारा बनते हैं। यूं तो तेज धूप और धूल से आंखों को बचाने के लिए हर उम्र के अधिकांश लोग चश्मे का उपयोग करते हैं, लेकिन युवा वर्ग चश्मों को लेकर बेहद गंभीर है। ऐसे में स्टाइलिश लुक और नई डिजाइन के गॉगल्स बाजारों में उपलब्ध हैं, लेकिन इन्हें खरीदते समय कुछ बातों का खास ख्याल रखें।

**फ्रेम मटेरियल :** अगर आप मेटल के सनग्लासेस ले रही हैं तो उसके मटेरियल पर ध्यान दें। ऐसा मेटल खरीदें, जो एलर्जी फ्री हो और गरम होने पर उसका आकार न बदल जाए। फ्रेम टीआर (थर्मोप्लास्टिक) 90 मटेरियल का हो। सनग्लासेस की क्वालिटी सही होने से आपकी त्वचा पर उसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है और आंखें भी सुरक्षित रहती हैं।


**ट्रेंड में पावर सनग्लासः** जो महिलाएं और लड़कियां पॉवर वाले चश्मों का उपयोग करती हैं, वे भी आसानी से अपनी आंखों की स्थिति के अनुसार सनग्लास बनवा सकती हैं। इससे आपके देखने का पोस्चर ठीक रहेगा और यूवी किरणों से आंखों को बचाए भी रख सकेंगी। साथ ही पोलराइज्ड लेंस वाले सनग्लास भी आप अपने नंबर के अनुसार बनवा सकती हैं। इसमें आपका आई विजन भी क्लियर रहता है और यूवी प्रोटेक्शन भी मिलता है।



## पसीने में बह जाता है मेकअप तो ऐसे हों तैयार, लुक होगा सबसे खूबसूरत

सुबह घर से निकलते वक्त लड़कियां पूरा सज-संवरकर निकलती हैं लेकिन दफ्तर पहुंचते-पहुंचते पसीने से उनका हाल बेहाल हो जाता है। वो चाहे गाड़ी से जाएं या किसी अन्य व्हीकल से लेकिन गर्मी में उनका मेकअप खराब हो ही जाता है। इस गर्मी और उमस में सही से मेकअप करना काफी कठिन काम होता है। अगर सही तरह से मेकअप ना किया जाए तो यह पसीने की वजह से धुल जाता है।

इसी के चलते आज के लेख में हम आपको मेकअप करने के कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनको अपना कर आप परफेक्ट मेकअप कर सकती हैं। इसके लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परफेक्ट मेकअप के लिए सबसे पहले अपनी स्किन को तैयार करना जरूरी होता है। त्वचा को तैयार करने के बाद ही अगर मेकअप किया जाए तो यह लंबे समय तक टिका रहता है। तो चलिए देर ना करते हुए आपको गर्मी के मौसम में सही से मेकअप करना सिखाते हैं।



**ठंडे पानी से धोएं चेहराः** मेकअप शुरू करने से पहले अपने चेहरे को ठंडे पानी से जरूर धोएं। ऐसा करने से आपके चेहरे पर लंबे समय तक पसीना नहीं आएगा। इसकी वजह से आपका मेकअप भी ज्यादा देर टिका रहेगा।

**इस्तेमाल करें बर्फः** मेकअप इस्तेमाल करने से पहले अपने चेहरे पर बर्फ रगड़ें। इससे आपकी त्वचा में कसाव आ जाएगा। ऐसा करने से पसीना काफी कम आता है। ध्यान रखें कि बर्फ को कभी भी सीधा चेहरे पर न लगाएं। इसे हमेशा सूती कपड़े में बांध कर ही चेहरे पर रगड़ें।

**फाउंडेशन को करें स्किपः** वैसे तो फाउंडेशन मेकअप का सबसे अहम हिस्सा है, लेकिन आप चाहें तो गर्मी के मौसम में आप इसे स्किप कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव में कारगर होती है 'सनस्क्रीन'

## त्वचा के मुताबिक करें सही सनस्क्रीन का चयन, तेज धूप और गर्मी का नहीं होगा असर

*सूरज की हानिकारक किरणों ने धरती तप रही है। तेज गर्मी के साथ लू ने लोगों को परेशान कर रखा है। हालांकि तेज कड़क धूप में भी जरूरी कामों के लिए घर से निकलना जरूरी होता ही है। ऐसे में त्वचा को एक्स्ट्रा पोषण और सुरक्षा कवच देना जरूरी हो जाता है। पूरी बांहों के कॉटन के कपड़ों से लेकर सनग्लासेस जैसे साधन सहायता करते हैं लेकिन सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव में कारगर होता है 'सनस्क्रीन'। एक अच्छा सनस्क्रीन त्वचा पर सुरक्षा की परत चढ़ाता है। इससे घातक किरणों से तो त्वचा सुरक्षित होती ही है, त्वचा के लिए जरूरी नमी और पोषण भी मिल सकता है। लेकिन क्या कोई भी सनस्क्रीन त्वचा पर अप्लाई की जा सकती है?*



### सनस्क्रीन क्यों लगाना चाहिए?

केवल सूरज की हानिकारक किरणों के प्रभाव से त्वचा को ऊपरी तौर पर बचाने के लिए ही नहीं, सनस्क्रीन कई गम्भीर बीमारियों से भी बचाव में सक्षम होता है। यही कारण है कि गर्मी ही नहीं बल्कि हर मौसम में धूप में निकलते समय सनस्क्रीन लगाने की सलाह विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। यहां तक कि घर पर रहते हुए भी सनस्क्रीन लगाए रखने को कहा जाता है।

### सनस्क्रीन के इस्तेमाल में इन बातों का रखें ख्याल

सनस्क्रीन का उपयोग समय सीमा के हिसाब से किया जाना चाहिए। अगर आप 4 घंटे से ज्यादा समय के लिए घर से बाहर हैं तो आपको कम से कम 2 बार सनस्क्रीन की परत त्वचा पर अप्लाई करनी होगी।

बाजार में कई तरह के सनस्क्रीन उपलब्ध होंगे। इसमें लोशन, क्रीम से लेकर पिल्स तक उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि आपकी त्वचा के हिसाब से आप पर कौन सा सनस्क्रीन सूट करता है। लोशन भी वॉटर और ऑइल बेस्ड दोनों तरह के हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि जब सनस्क्रीन खरीद रहे हों तो अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखें। उदाहरण के लिए ऑइली त्वचा के लिए ऑइल बेस्ड लोशन ठीक नहीं होगा।

सनस्क्रीन खरीदते समय प्रोडक्ट डिटेल्स जरूर पढ़ें। ऐसा सनस्क्रीन चुनें जो ज्यादा सुरक्षा देता हो, जैसे यूवीए के साथ यूवीबी किरणों से भी सुरक्षा देने वाला। ऐसे प्रोडक्ट्स ब्रॉड स्पेक्ट्रम प्रोडक्ट्स के अंतर्गत आते हैं। जिन में कई तरह की सुरक्षा परतें होती हैं।



एसपीएफ यानी सन प्रोटेक्टिंग फैक्टर का 30 या इससे अधिक होना महत्वपूर्ण है। जितना अधिक एसपीएफ उतनी ज्यादा सुरक्षा।